Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक

गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 07 अंकः 92 | सोमवार, 06 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# पीएम मोदी की पश्चिम बंगाल में बड़ी चेतावनी

# 4 मई के बाद टीएमसी के हर पाप का होगा हिसाब

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कूचबिहार में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कूचबिहार में उमड़ा जनसैलाब इस बात का सबूत है कि बंगाल में अब टीएमसी का समय समाप्त हो चुका है।

प्रधानमंत्री ने कोलकाता के ब्रिगेड ग्राउंड की रैली का जिक्र करते हुए कहा, 'वहां से शुरू हुआ परिवर्तन का महाअभियान अब पूरे बंगाल में फैल चुका है। ब्रिगेड ग्राउंड के उत्साह ने टीएमसी के 'सिंडिकेट' को डरा दिया है और आज कूचबिहार की जनता ने उस बदलाव पर अपनी मुहर लगा दी है।' पीएम मोदी ने टीएमसी और भाजपा के बीच के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि एक तरफ टीएमसी का डर है, तो दूसरी तरफ भाजपा का भरोसा।

### लोकतंत्र को लहूलुहान कर रही है ममता सरकार

प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं के अपमान का आरोप लगाते हुए कहा कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी ने बंगाल की कानून-व्यवस्था का जनाजा निकाल दिया है और जिस बंगाल में कभी लोग रोजगार की तलाश में आते थे, आज उसे पलायन का केंद्र बना दिया गया है।

उन्होंने कहा, 'एक ओर टीएमसी के 'कटमनी' और भ्रष्टाचार का आतंक है, तो दूसरी ओर विकास की रफ्तार वाली भाजपा की गारंटी। एक ओर घुसपैठियों को बसाने की साजिश है, तो दूसरी ओर उन्हें बाहर निकालकर बंगाल को सुरक्षित करने का हमारा संकल्प है।'

संदेशखाली की घटना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने भावुक लहजे में कहा कि एक तरफ बेटियों पर अत्याचार और उनकी चीखें हैं, तो दूसरी तरफ नारी शक्ति को सुरक्षा और सम्मान देने वाली मोदी की गारंटी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, 'मैं आपक्ष्ा े भरोसा देता हूं कि चुनाव के बाद इनके हर पाप का हिसाब होगा। 4 मई के बाद कानून अपना काम करेगा और चाहे कोई कितना भी बड़ा गुंडा क्यों न हो, न्याय होकर

## बीजेपी-चुनाव आयोग पर भड़कीं ममताः ईवीएम बदलने की जताई आशंका, कहा- अगर मशीन खराब हो तो बदलवाओ

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को चुनावी सभा में मतदाताओं से अपील की कि वे वोट के जरिए बदला लेने की अपील की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान कई लोगों के नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इसके अलावा उन्होंने भवानीपुर में एक रैली में अपनी कार्यकताओं से ईवीएम की निगरानी करने के लिए कहा है। रविवार को समसेरगंज में आयोजित रैली को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि जिन लोगों के नाम सूची से हटे हैं, वे ट्रिब्यूनल में अपील करें और मतदान के जरिए इसका जवाब दें। उन्होंने कहा, ऐसा वोट करें कि नतीजे ही बता दें कि नाम हटाने की राजनीति स्वीकार नहीं है। ममता बनर्जी ने बिना नाम लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि राज्य में मतदाताओं के नाम हटाने के पीछे उनकी भूमिका है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा, अगर हिम्मत है तो सीधे मुकाबला करें। मुख्यमंत्री ने पार्टी कार्यकताओं से 4 मई तक पूरी सतर्कता बरतने को कहा। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि कुछ जगहों पर ईवीएम मशीनें खराब कराई जा सकती हैं। ऐसे में उन्होंने निर्देश दिया कि मशीनों की मरम्मत न होने दें, बल्कि उन्हें बदलने की मांग करें। ममता बनर्जी ने कहा, 'सभी ईवीएम मशीनों की अच्छी तरह से जांच करें। बूथ एजेंटों को भी ईवीएम की अच्छी तरह से जांच करनी चाहिए... मुझे उनकी योजना पता है... वोटिंग के बाद, सीआरपीएफ और केंद्रीय बलों की निगरानी में, वे अंदर जाकर मशीन बदल सकते हैं, इसलिए हमें 24 घंटे निगरानी रखनी होगी। आपको ध्यान से देखना होगा कि वे ईवीएम को हैक न कर लें। मुर्शिदाबाद जिले के समसेरगंज, जो 2025 में वक्फ बिल के विरोध में हिंसा का केंद्र रहा था, वहां ममता ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा मुस्लिम समुदाय के हितों की रक्षा की है। उन्होंने भाजपा पर उनके खिलाफ झूठ फैलाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने निर्वाचन आयोग पर भी निशाना साधते हुए कहा कि एसआईआर के नाम पर कुछ लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं और कुछ को डराया जा रहा है।

## 3 पासपोर्ट कैसे हो सकते हैं", कांग्रेस का हिमंत और उनकी पत्नी पर हमला, सीएम ने दी मानहानि की धमकी



**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**असम।** असम में विधानसभा चुनाव से पहले नया राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी के पास कई विदेशी पासपोर्ट हैं। इस आरोप पर बीजेपी नेता की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई और उन्होंने कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी। यह विवाद पवन खेड़ा की उस प्रेस कॉन्फ्रेंस से शुरू हुआ जिसमें उन्होंने दावा किया कि उनके पास ऐसे दस्तावेज है जिनसे पता चलता है कि सरमा की पत्नी, रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन पासपोर्ट हैं। उन्होंने कहा, 'हमारे पास ऐसे दस्तावेज हैं जिसने पता चलता है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा के पास तीन पासपोर्ट हैं। पहला वअए का गोल्डन कार्ड है, दूसरा एंटीगुआ और बारबुडा का पासपोर्ट है और तीसरा मिस्त्र का पासपोर्ट है। इनमें से दो पासपोर्ट इस्लामिक देशों के हैं, फिर भी वे सार्वजनिक रूप से अपने धार्मिक जुड़ाव का दावा करते रहते हैं।' खेड़ा ने कहा, 'आप मुख्यमंत्री हिमंत और उनकी पत्नी की तस्वीरें देख रहे हैं। उनके नाम जमीन हड़पने, मंदिर के पैसे का दुरुपयोग करने, सरकारी सब्सिडी में हेराफेरी करने और चिट फंड घोटालों जैसे कई आरोपों से जुड़े रहे हैं। लेकिन आज, हम जो दस्तावेज पेश कर रहे हैं, उनका सीधा संबंध भारत के बाहर के मामलों से हैं।' सीएम हिमंत बिस्वा सरमा इन दावों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया और कहा कि वह और उनकी पत्नी, 48 घंटों के भीतर खेड़ा के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर करेंगे। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'पवन खेड़ा की आज की प्रेस कॉन्फ्रेंस कांग्रेस पार्टी के भीतर गहरी हताशा और घबराहट को दशार्ती है। जैसे-जैसे असम एक ऐतिहासित जनादेश की ओर निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है, इस तरह के हताश और बेबुनियाद हमले केवल उनके कमजोर होते जनाधार को ही उजागर करते हैं।' सीएम हिमंत ने कहा कि मेरी पत्नी और मैं अगले 48 घंटों के भीतर पवन खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और दीवानी , दोनों तरह के मामले दर्ज कराएंगें। उनके लापरवाह और मानहानिकारक बयानों के लिए उन्हें पूरी तरह से जवाबदेह ठहराया जाएगा।

## होर्मुज की टेंशन खत्मः क्रूड ऑयल की नहीं होगी कोई कमी, भारत का साथ निभा रहा थार रेगिस्तान

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच आज युद्ध का 37वां दिन है। मिडिल ईस्ट में छिड़े इस युद्ध की वजह से वैश्विक ऊर्जा संकट पर गहरा असर पड़ा है। दुनियाभर में तेल और गैस की आपूर्ति बाधित हो गई है। ईरान ने अमेरिका और इजरायल से लड़ाई के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज का रास्ता बंद कर दिया है। इस जलमार्ग से होकर दुनियाभर का करीब 20 फीसद तेल गुजरता है। ईरान की पाबंदियों की वजह से तेल और गैस की सप्लाई पर असर पड़ा है। ईरान इस जलमार्ग से भारतीय जहाजों को निकलने दे रहा है। लेकिन युद्ध की वजह से जहाजों के भारत तक पहुंचने में समय लग रहा है। लेकिन भारत ने इस तेल संकट से निकलने का रास्ता भी ढूंढ लिया है। भारत का थार रेगिस्तान इस युद्ध में भारत के लिए रामबाण का काम कर रहा है।

### भारत की ताकत बना थार रेगिस्तान

गैस संकट का असर केवल भारत पर ही नहीं, बल्कि पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका से लेकर ब्रिटेन और वियतनाम भी देखने को मिल रहा है। दुनियाभर के कई देश तेल की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन ऐसे समय में भारत की ताकत के तौर पर 'थार रेगिस्तान (Thar Desert)' सामने आ रहा है।

भारत के राजस्थान राज्य में मौजूद थार रेगिस्तान के ऑयल फील्ड से कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाया गया है। वेस्ट एशिया में चल रहे युद्ध की वजह से सरकारी कंपनी ऑयल इंडिया लिमिटेड (Oil India Limited) ने कच्चे तेल के उत्पादन में भारी इजाफा किया है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक, जोधपुर बलुआ पत्थर संरचना से जहां पहले एक दिन में 705 बैरल क्रूड ऑयल का प्रोडक्शन हो रहा है, वहीं मिडिल ईस्ट में छिड़े युद्ध के बीच 1,202 बैरल क्रूड ऑयल प्रतिदिन निकाला जा रहा है। देखा जाए तो भारत में ऊर्जा संकट के बीच ऑयल इंडिया ने क्रूड ऑयल के प्रोडक्शन को करीब 70 फीसद तक बढ़ा दिया है।

### गुजरात की ऑयल रिफाइनरी में जाता है कच्चा तेल

ऑयल इंडिया लिमिटेड इस कच्चे तेल को जेसलमेर के बाघेवाला तेल क्षेत्र से गुजरात के मेहसाणा में स्थित ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC) प्लांट्स में पहुंचाती है। इसके बाद कच्चे तेल को पाइपलाइन के जरिए कोयली रिफाइनरी तक भेजा जाता है।

ऑयल इंडिया ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में 32,787 मीट्रिक टन कच्चे तेल का उत्पादन किया था, वहीं इस वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने 43,773 मीट्रिक टन तेल का उत्पादन किया है।

### 1991 में हुई तेल उत्पादन की शुरूआत

भारत मुख्य रूप से तेल और बाकी ईंधनों के लिए भी दूसरे देशों पर निर्भर है। लेकिन कुछ मात्रा में राजस्थान में भी तेल का उत्पादन होता है। बीकानेर-नागौर उप-बेसिन में स्थित बाघेवाला ऑयल फील्ड भारत के लिए एक अहम ऊर्जा स्त्रोत है, जिसकी खोज 1991 में हुई थी।

ऑयल इंडिया ने इस फील्ड में 19 कुओं में उरर का संचालन पूरा किया, जो कि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 72 फीसद ज्यादा है। ऑयल इंडिया ने पहली बार 2018 में उरर तकनीक का परीक्षण किया था, जिससे बड़े पैमाने पर तेल निकालना संभव हो पाया। थार रेगिस्तान में स्थित ये ऑयल फील्ड 200.26 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है।

यहां जमीन के नीचे से तेल निकालने के लिए 52 कुएं हैं, जिनमें से 33 का इस्तेमाल इस समय ऑयल प्रोडक्शन में हो रहा है। इसके अलावा कंपनी ने 13 नए कुएं भी खोदे हैं। तेल संकट के बीच इस ऑयल फील्ड में प्रोडक्शन को बढ़ा दिया गया है। यहां के कच्चे तेल में चिपचिपाहट ज्यादा होती है, जिससे कच्चे तेल के प्रोडक्शन के लिए डाइल्यूएंट इंजेक्शन और आर्टिफिशियल लिफ्ट सिस्टम जैसी टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है। इन नई टेक्नोलॉजी ने ऑयल प्रोडक्शन की प्रक्रिया को आसान बनाया है।

भारत सरकार इस तेल संकट के बीच लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील कर रही है। सरकार, ईरान के साथ बात करके ज्यादा से ज्यादा तेल से लदे जहाजों को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए भारत लाने की कोशिश कर रही है।

वेस्ट एशिया के युद्ध को देखते हुए भारत सरकार ने देश में क्रूड ऑयल का प्रोडक्शन बढ़ा दिया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का कहना कि सरकार आपूर्ति बनाए रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रही है।

सरकार ने बताया कि रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। भारत के पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार है और पेट्रोल पंपों पर भी पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति है।

भारत सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि थार रेगिस्तान क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण भूवैज्ञानिक परिस्थितियों को देखते हुए तेल उत्पादन में इजाफा करना भारत की बड़ी उपलब्धि है, जो भारत की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम है।

## चुनाव आयोग की सख्ती का असर, 650 करोड़ से ज्यादा की अवैध जब्ती, शीर्ष पर पश्चिम बंगाल




**वेलकम इंडिया नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विभिन्न राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के मद्देनजर अपनी कमर कस ली है। आयोग की निगरानी और प्रवर्तन के चलते बड़ी मात्रा में अवैध सामग्री की जब्ती का मामला सामने आया है। चुनाव आयोग ने बयान जारी इसकी जानकारी दी है।

चुनाव आयोग ने की ओर से जारी बयान में कहा गया कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा आम चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद से अब तक 650 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की जा चुकी है। चुनाव आयोग ने सभी संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और भयमुक्त बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा जारी बयान के मुताबिक असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में होने वाले विधानसभा आम चुनावों तथा छह राज्यों में उपचुनावों की घोषणा के बाद से अब तक 650 करोड़ रुपए से अधिक की जब्ती की जा चुकी है। आयोग ने सभी संबंधित राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की सरकारों को आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने चुनाव वाले पांच राज्यों के साथ-साथ उनके 12 सीमावर्ती राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई समीक्षा बैठकें आयोजित की हैं। इन बैठकों में प्रवर्तन एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि चुनावों को हिंसा-मुक्त, डर-मुक्त और प्रलोभन-मुक्त तरीके से संपन्न कराया जाए। जमीनी स्तर पर निगरानी को मजबूत करने के लिए 5,173 से अधिक फ्लाइंग स्क्वॉड तैनात किए गए हैं, जिनका उद्देश्य चुनाव से जुड़ी शिकायतों का 100 मिनट के भीतर निपटारा सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त, 5,200 से अधिक स्टैटिक सर्विलांस टीमें (एसएसटी) भी विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई हैं, जो अचानक नाके लगाकर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रख रही हैं।

## कोझिकोड में अमित शाह का शक्ति प्रदर्शन, मिशन केरलम के लिए भरी हुंकार

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को केरलम के कोझिकोड में एक विशाल रोड शो के जरिए अपनी ताकत दिखाई। बेयपोर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में उनके साथ बीजेपी उम्मीदवार एडवोकेट के. पी. प्रकाश बाबू और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। रोड शो के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसे संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि केरल की जनता अब एक मजबूत विकल्प और बेहतर शासन चाहती है। उन्होंने लोगों से राज्य के विकास और सुरक्षा के लिए बीजेपी-एनडीए के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को केरल के बीजेपी बूथ कार्यकताओं के साथ वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि इस बार केरल सिर्फ नई सरकार नहीं, बल्कि एक नई व्यवस्था चुनने जा रहा है।

पीएम ने क्रिकेट का उदाहरण देते हुए केरल के खिलाड़ी संजू सैमसन का जिक्र किया और कहा कि जैसे सैमसन बड़े मैचों में अपनी पूरी ताकत लगा देते हैं, वैसे ही कार्यकताओं को मतदान के दिन हर घर तक पहुंच कर पूरी मेहनत करनी है। पीएम मोदी ने यूडीएफ और एलडीएफ पर निशाना साधते हुए कहा कि तिरुवनंतपुरम के हालिया नतीजों ने इस पुरानी धारणा को तोड़ दिया है कि यहां केवल इन दो गठबंधनों के बीच ही सत्ता बदलती रहेगी।

## विजय के हलफनामे में खुलासाः टीवीके प्रमुख पर दो आपराधिक मामलों का जिक्र; चुनाव आयोग को पहले नहीं दी थी जानकारी

**वेलकम इंडिया नेटवर्क**



**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव से पहले टीवीके प्रमुख और अभिनेता विजय ने अपने ताजा चुनावी हलफनामे में बड़ा खुलासा किया है। पहले दाखिल हलफनामे में किसी भी आपराधिक मामले का जिक्र नहीं करने वाले विजय ने अब दो लंबित एफआईआर की जानकारी दी है।

सूत्रों के अनुसार, 3 अप्रैल को नोटरी किए गए इस नए हलफनामे को 4 अप्रैल को उनके प्रतिनिधि ने रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष पेश किया। इसमें चेन्नई और मदुरै के दो मामलों को शामिल किया गया है, जो पहले के दस्तावेज में नहीं थे।

### चेन्नई और मदुरै में दर्ज दो FIR का जिक्र

नए हलफनामे के मुताबिक, पहली एफआईआर चेन्नई के K5 पेरावल्लूर पुलिस स्टेशन में दर्ज है। यह मामला 30 मार्च को चुनाव प्रचार के दौरान कथित सार्वजनिक अव्यवस्था से जुड़ा है। विजय ने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी 2 अप्रैल को सोशल मीडिया के जरिए मिली। दूसरी एफआईआर मदुरै जिले के कूडाकोविल पुलिस स्टेशन में दर्ज है, जो 21 अगस्त 2025 को पार्टी सम्मेलन के दौरान हुई एक घटना से संबंधित है।

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि मंच के पास जाने की कोशिश में बाउंसरों ने उसे धक्का दिया, जिससे वह घायल हो गया। हालांकि, विजय ने कहा कि उन्हें इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक समन नहीं मिला है।

### संपत्ति और आय का भी किया खुलासा

आपराधिक मामलों के अलावा, विजय ने अपनी संपत्ति और आय का भी विवरण दिया है। नए हलफनामे के अनुसार, उनकी चल संपत्ति लगभग 410.59 करोड़ रुपये है, जिसमें सोना-चांदी के आभूषण भी शामिल हैं।

वहीं, उनकी अचल संपत्ति, जिसमें नीलांकरई और सालिग्रामम जैसे इलाकों में स्थित मकान और व्यावसायिक इमारतें शामिल हैं, की कुल कीमत लगभग 220.15 करोड़ रुपये बताई गई है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विजय ने अपनी कुल आय 184.53 करोड़ रुपये घोषित की है। साथ ही, करीब 3.44 करोड़ रुपये के आयकर बकाया का भी जिक्र किया गया है, जो फिलहाल अपील में है।

टीवीके प्रमुख विजय इस बार पेराम्बुर और तिरुचिरापल्ली ईस्ट विधानसभा सीटों से चुनाव लड़ रहे हैं।

उन्होंने 30 मार्च को पेराम्बुर और 2 अप्रैल को तिरुचि ईस्ट से नामांकन दाखिल किया था। 4 अप्रैल को दाखिल नया हलफनामा पहले और दूसरे नामांकन के बीच की विसंगतियों को दूर करने के लिए पूरक दस्तावेज के रूप में पेश किया गया है, ताकि चुनाव आयोग के नियमों का पूरी तरह पालन किया जा सके।

## संपादक की कलम से

# देश के आर्थिक विकास में विषमताये नई चुनौतियां

देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के



ललित शर्मा
संपादक

पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फ एक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है।और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं। जातीय वर्ग संघर्ष और भाषाई विवाद ऐसा मुद्दा रहा है जिससे लगभग एक शताब्दी तक भारत आक्रांत रहा है। आजादी के बाद से ही भाषा विवाद को लेकर कई आंदोलन हुए खासकर दक्षिण भारत राज्यों द्वारा हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाए जाने एवं देश पर हिंदी थोपे जाने के विरोध में विरोध प्रदर्शनों को प्रोत्साहित किया गया। आज भी विभिन्न राज्यों में भाषाई विवाद एक ज्वलंत एवं संवेदनशील मुद्दा बना हुआ है, चाहे वह बंगाल हो, तमिलनाडु हो, आंध्र प्रदेश हो, उड़ीसा और महाराष्ट्र में भी भाषाई विवाद अलग-अलग स्तर पर सतह पर पाए गए हैं। समान सिविल संहिता को लेकर बहुसंख्यक संविधान में आक्रोश है दूसरी तरफ अल्पसंख्यक समुदाय इसलिए डरा हुआ है कि कहीं उसकी अपनी अस्मिता एवं पहचान अस्तित्व हीन ना हो जाए। स्वतंत्रता के बाद से यह विकास की मूल धारणा थी कि पंचवर्षीय योजनाओं में वर्ग विहीन समाज में लोकतांत्रिक एवं धर्मनिरपेक्ष तरीके से समाज का आर्थिक विकास तथा रोजगार के साधन उपलब्ध हो सकेंगे। पर स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में वर्ग विभेद भाषाई विवाद ने अभी भी आर्थिक विकास में कई बाधाएं उत्पन्न की है। संविधान में सदैव सकारात्मक वर्ग विभेद एवं विकास की अवधारणा को प्रमुखता से शामिल किया गया था और पंचवर्षीय योजनाओं में भी विकास को वर्ग विभेद से अलग रखकर विकास की अवधारणा को बलवती बनाया गया है। सामाजिक आर्थिक तथा धार्मिक विविधता वाले समाज को विवादों से परे रख आर्थिक विकास की परिकल्पना एक कठिन और दुष्कर अभियान जरूर है पर असंभव नहीं है।

## भरोसे की उठ गई जनाजा

उदय किशोर साह



कविता

जगत से उठ गई भरोसे की जनाजा
विश्वास के संग चल रही है तनाजा
कैसे जीयेगें अब जग में सभ्य समाज
चिन्ता में डूबा है सज्जन जन आज

विश्वास में ना रही घर की कुछ् नारी
प्रेमी संग मिल कर पति पे हुई भारी
गृहस्थी जीवन की रिश्ते भी गई हारी
नीति शास्त्र की रो रही है महतारी

छद्म प्रेम की हो रही है कालाबजारी
नीले ड्रम की बाजार में है बिक्री जारी
संस्कारहीन दिख रही है अब सुकमारी
पश्चिमी सभ्यता हुई भारत में भी भारी

भाई भाई के बीच उठ गया विश्वास
बेगाने आ गये बीच में उनपे है आस
क्या होने वाली है भयंकर बकवास
कोई बता दे क्या होने वाली है खास

भौतिक सुख की हो रही है खूब विकास
सुन्दर तन की उठ रही है महक व वास
भटक गई हमराही की आज विश्वास
रीति हो गई जीवन जीने की विन्दास

भारतीय नारी है देवी दुर्गा के समान
हम पूजते हैं नारी को देवी मान
पर कुछ नारी में ये कैसी है अभिमान
लुटा रही है खुद की इज्जत व शान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# युद्ध अपराधी है डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू



तनवीर जाफरी
लेखक



अमेरिका व इस्त्राईल द्वारा संयुक्त सैन्य अभियान चलाकर ईरान पर थोपे गये बलात युद्ध को पांच सप्ताह बीत चुके हैं। पूरी दुनिया में अपनी फजीहत होती देख राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप ने अब खिसियाहट में ईरान के आधारभूत ढांचों को नुक़्सान पहुँचाना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में अमेरिका ने पिछले दिनों ईरान की राजधानी तेहरान और कराज को जोड़ने के लिए बनाये जा रहे राजधानी के सबसे ऊँचे सस्पेंशन ब्रिज को ध्वस्त कर दिया। लगभग 1 किलोमीटर से अधिक लंबे और 136 मीटर ऊँचे इस निमार्णाधीन हाईराइज ब्रिज पर पिछले दिनों अमेरिका और इजराइल ने मिलकर दो बार एयरस्ट्राइक की। इन हवाई हमलों के परिणामस्वरूप पुल का बड़ा हिस्सा बर्बाद हो गया। इस हमले में कम से कम 8 लोग मारे गए और 100 से अधिक घायल हुए। इस हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर इस पुल के ढहते हुए वीडियो शेयर कर ईरान को धमकी देते हुये लिखा कि 'डील कर लो, वरना बहुत देर हो जाएगी'। उन्होंने लिखा कि अगर ईरान ने अपना रुख नहीं बदला तो 'उस देश में कुछ भी नहीं बचेगा जो कभी महान देश बन सकता था,'। ट्रंप ने इस हमले को 'अमेरिकी सेना की ताकत का छोटा नमूना' बताया और यह संकेत दिया कि अगर ईरान डील से मना करता है तो देश के पावर प्लांट, ट्रांसपोर्ट नेटवर्क आदि अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर भी अगले निशाने हो सकते हैं।

इसी अमेरिका ने युद्ध की शुरूआत में 28 फरवरी को ही ईरान के मिनाब शहर में शजारेह तैय्येबह बालिका प्राथमिक स्कूल की ईमारत पर टॉमहॉक मिसाइल मिसाइल से हमला कर लगभग 175 लोगों को शहीद कर दिया था इनमें अधिकांश स्कूल की बच्चियां शामिल थीं। स्कूल के पास ही दवाखाना व अन्य नागरिक सुविधाएं भी थीं। इसी हमले के चलते न केवल ईरान ने अमेरिका को युद्ध अपराध का दोषी ठहरा दिया था बल्कि दुनिया भर में भी इसे 'युद्ध अपराध' करार दिया गया। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के मूल सिद्धांतों के तहत जिनेवा कन्वेंशन्स 1949 व इसके एडिशनल प्रोटोकॉल्स 1977 के अंतर्गत युद्ध में रिहाइशी इलाकों,स्कूलों, अस्पताल, पानी की व्यवस्था संबंधित प्लांट्स, बिजली ग्रिड,पुल जैसे बुनियादी ढांचों पर हमले सामान्यतः नहीं किए जा सकते। ये युद्ध अपराध माने जाते हैं। युद्ध में लड़ाई के दौरान सैनिकों,सैन्य लक्ष्यों और नागरिकों व नागरिक सुविधा संबंधी वस्तुओं के बीच स्पष्ट अंतर करना जरूरी है। परन्तु अमेरिका तो क्या उसकी शह व संरक्षण में युद्धरत इस्त्राइल को भी न तो मानवीय कानून की फिक्र है न ही जिनेवा कन्वेंशन्स में निर्धारित युद्ध के सिद्धांतों की। इसीलिये अपनी अपार शक्ति व सर्वोच्चता के नशे में चूर अमेरिका व उसके पिछलग्गू इस्त्राईल द्वारा हर संभव युद्ध अपराध किया जा रहा है।

गजा में तो नेतन्याहू के नेतृत्व में इस्त्राईल ने दरिन्दिगी का वह इतिहास रचा है जिसने युद्ध अपराध की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। सरकारी आंकड़े बताते है कि 7 अक्टूबर 2023 से 25 मार्च 2026 तक इस्त्राईली सेना द्वारा 72,265 फिलिस्तीनी मारे जा चुके हैं जबकि 1,71,959 लोग घायल हुए। यहाँ तक कि 10 अक्टूबर 2025 को लागू हुये युद्धविराम के बाद भी इस्त्राईल ने लगभग 700 लोगों को मार दिया है।

हालाँकि कुछ स्वतंत्र अध्ययन कुल मौतों का आंकड़ा 75,000 से ज्यादा बता रहे हैं। स्वयं इस्त्राइली सेना ने जनवरी 2026 में 70,000 मौतों का आंकड़ा स्वीकार किया था। कुल लगभग 22-23 लाख की आबादी वाले इस इलाके में 19 लाख से ज्यादा लोग एक या कई बार विस्थापित हुए हैं। नतीजतन आज भी 17 लाख से ज्यादा लोग अस्थायी विस्थापन कैंप्स में रह रहे हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों के घर-मकान नष्ट हो चुके हैं जिसके चलते लोग बेघर हैं। नेतन्याहू के इशारों पर यह हत्याएं घने रिहायशी इलाकों,स्कूल्स,बाजार,अस्पताल,स्कूल यहाँ तक कि शरणार्थी कैम्पस में और भूख की तपिश से जूझ रहे खाद्य सामग्री लेने की लाइन में लगे असहाय लोगों पर बम व गोले बरसा कर उनकी जान लेकर की गयी हैं। यही वजह है कि नेतन्याहू पर अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने युद्ध अपराध वारंट जारी किया हुआ है। नेतन्याहू पर भुखमरी को युद्ध का हथियार बनाना, जानबूझकर नागरिक आबादी पर हमला निर्देशित करना,मानवता के खिलाफ अपराध,हत्या,उत्पीड़न व अन्य अमानवीय कृत्य जैसे युद्ध अपराध शामिल हैं। आज भी नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के भगौड़े अपराधियों की श्रेणी में शामिल हैं। परन्तु युद्ध अपराधी भगौड़ा नेतन्याहू अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय के अधिकार क्षेत्र को मान्यता नहीं देता। उल्टे इसे 'यहूदी-विरोधी' तथा राजनीतिक साजिश बताकर अपने युद्ध अपराध पर पर्दा डालने की कोशिश करता है।

इसी युद्ध अपराधी नेतन्याहू के जाल में फंसकर राष्ट्रपति ट्रंप भी युद्ध अपराध करते जा रहे हैं। ईरान को 'पाषाण युग' में पहुंचाने की उनकी धमकी इस बात का सुबूत है कि ऐसे मानसिक रोगी राजनीतिज्ञ की जगह जेल में होनी चाहिये। दुनिया को यह सोचना पड़ेगा कि आखिर क्या वजह है कि उनके सलाहकारों से लेकर सैन्य विभाग के अनेक बड़े अधिकारी तक इस अवैध युद्ध का विरोध करते हुये क्योंकर इस सनकी राष्ट्रपति ट्रंप के साथ खड़े होने के बजाये अपने इस्तीफे दे रहे हैं।

नाटो सहित उसके कई सहयोगी देश खुलकर ट्रंप के ईरान में सैन्य हस्तक्षेप का विरोध कर रहे हैं। और आज ईरान की ताकत व उसकी रक्षात्मक व आक्रामक शक्ति का अंदाजा किये बिना ईरान पर हमला बोल देने और परणामस्वरूप अमेरिका द्वारा ऐतिहासिक क्षति का सामना करने से अमेरिका के महाशक्ति होने का जो भरम टूटा है उसका जिम्मेदार भी ट्रंप ही है। और इसी सन्दर्भ में ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अरागची को यह कहना पड़ा है कि -'अधूरे बने पुलों समेत इंफ्रास्टक्चर पर हो रहे हमले ईरानियों को सरेंडर करने के लिये मजबूर नहीं कर सकते। यह केवल अव्यवस्था में फंसे दुश्मन की हार और उस के नैतिक पतन को दिखाता है। साथ ही अरागची ने यह भी कहा कि हर पुल और ईमारत को पहले से ज्यादा मजबूती के साथ बनाया जायेगा। परन्तु जिसकी कभी भरपाई नहीं हो पायेगी वह है अमेरिकी साख को हुआ नुकसान।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने भी अमेरिकियों के नाम एक खुला पत्र लिखकर कहा है कि वे युद्ध के प्रोपेगैंडा के धुंध से बाहर देखें और मनगढ़ंत खतरे को नकारें। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने सवाल उठाया है कि क्या अमेरिका सचमुच 'अमेरिका फर्स्ट' को आगे रख रहा है या फिर वह केवल 'इजरायल के लिए एक प्रॉक्सी' के तौर पर काम कर रहा है? पेजेश्कियन ने आगे कहा कि ईरानियों के मन में अमेरिका, यूरोप या किसी भी पड़ोसी देश के प्रति कोई दुश्मनी नहीं है।' परन्तु सच्चाई तो यही है कि युद्ध अपराधी भगौड़े नेतन्याहू के चक्रव्यूह में उलझकर ट्रंप ने भी युद्ध अपराध को हीअंजाम दिया है। गोया डोनॉल्ड ट्रंप व नेतन्याहू दोनों ही युद्ध अपराधी हैं।

# ईरान के रास्ते आए वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने भारत को झकझोरा



वीरेंद्र बहादुर सिंह
लेखक

देशभर में गर्मी की शुरूआत के साथ ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। मार्च महीने में जिस तरह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण मौसम बदला था और मावठा हुआ था, उसी तरह अप्रैल में भी वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भारतीय मौसम में बड़ा बदलाव लेकर आया है। पिछले दो दिनों में देश के कई राज्यों में बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी जैसी घटनाएं दर्ज की गई हैं।

राजस्थान, दिल्ली और पंजाब में धूल भरी आंधियों के भी समाचार मिले हैं। दूसरी ओर दिल्ली और पंजाब सहित 11 राज्यों में दो दिन के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। गुजरात में भी अहमदाबाद सहित कई जिलों में बेमौसम बारिश हुई है।

अप्रैल महीने में मौसम में आए इस अचानक बदलाव ने लोगों में चिंता पैदा कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार इस समय एक प्री-मानसून वेदर सिस्टम सक्रिय हो रहा है, जो उत्तर-पश्चिम भारत के बड़े हिस्से को प्रभावित करेगा। 8 अप्रैल तक उत्तर भारत में दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस टकरा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार बादलों की एक लंबी पट्टी, जो उत्तरी अफगानिस्तान से अरब सागर तक फैली है, उसके कारण पंजाब से गुजरात और महाराष्ट्र तक बारिश का माहौल बना है। हिमालयी राज्यों में भी बर्फबारी हो रही है।

मौसम विभाग के अनुसार पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और दिल्ली में 5 अप्रैल तथा 7-8 अप्रैल, 2026 के बीच दो बार अत्यधिक मौसम गतिविधि होगी। इस दौरान उत्तर और मध्य राजस्थान, दिल्ली और उत्तर मध्य प्रदेश में गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है। 4-5 अप्रैल को गतिविधि थोड़ी कम होगी, लेकिन 7-8 अप्रैल को फिर तेज हो जाएगी। तमिलनाडु में भी बिजली गिरने की संभावना है। गुजरात और महाराष्ट्र के तटीय क्षेत्रों में भी गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान के जैसलमेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में ओलावृष्टि हुई। अजमेर-ब्यावर में तूफान के कारण कई पेड़ गिर गए और टीन की छतें उड़ गईं।

आने वाले तीन दिनों तक राजस्थान में ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में बिजली गिरने से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। हिमाचल प्रदेश के शिमला में तूफान के साथ बारिश और लाहौल-स्पीति तथा केदारनाथ में बर्फबारी से ठंड बढ़ गई है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत से लगभग 5,000 किमी दूर बना वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ईरान के रास्ते गुजरात तक पहुंचा है। जिस तरह ईरान में चल रहे युद्ध का असर भारत पर देखा गया, उसी तरह ईरान के पास बना यह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी भारत को प्रभावित कर रहा है।

गुजरात सहित पूरे देश में यह बेमौसम और तेज बारिश का कारण बना है। यह प्रणाली काला सागर और कैस्पियन सागर के पास भूमध्य सागर क्षेत्र में बनती है, जो गुजरात से 4,000 से 5,500 किमी दूर है। यह मिडिल ईस्ट, अफगानिस्तान और पाकिस्तान होते हुए उत्तर-पश्चिम भारत और फिर गुजरात तक पहुंचती है। कुल 9,000 किमी की यात्रा के दौरान यह जमीन और समुद्र से नमी लेकर आगे बढ़ती है।

ऊपरी वायुमंडल में बनने वाली यह प्रणाली 'जेट स्ट्रीम' के कारण तेजी से आगे बढ़ती है। जेट स्ट्रीम जमीन से 9 से 16 किमी की ऊंचाई पर 200 से 300 किमी प्रति घंटा की गति से बहती है, जिससे नमी तेज हवाओं के साथ आगे बढ़ती है और भारी बारिश होती है।

हाल ही में महाराष्ट्र के पुणे में भी भारी बारिश हुई, जिससे कई इलाके जलमग्न हो गए। आमतौर पर इस समय सूखा मौसम रहता है, लेकिन अभी प्री-मानसून जैसी स्थिति बन गई है।

विशेषज्ञों के अनुसार मौसम में आया यह बदलाव क्लाइमेट चेंज का परिणाम है। ग्लोबल वॉर्मिंग के कारण मौसम और अधिक अस्थिर होता जा रहा है। आम तौर पर अरब सागर से पश्चिम भारत की ओर बढ़ने वाली कम दबाव की रेखा समुद्र से नमी खींचकर लाती है और वातावरण को बदल देती है। यही कारण है कि पुणे जैसे अंदरूनी क्षेत्रों में भी अचानक बादल बनते हैं और तेज बारिश होती है।

हाल में पुणे में 15-20 मिनट की बारिश में ही शहर जलमग्न हो गया। शाम तक 66 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1896 के बाद अप्रैल महीने में एक दिन में सबसे अधिक है।

विशेषज्ञों के अनुसार दिन की गर्मी और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के मेल से कनेक्टिव थंडरस्टॉर्म की स्थिति बनती है। गर्म हवा तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी होकर बड़े क्यूम्यलोनिंबस बादलों में बदल जाती है, जो कम समय में भारी बारिश करते हैं। यही अस्थिरता जेट स्ट्रीम को भी प्रभावित करती है और तूफान को अधिक तीव्र बना देती है।

माना जा रहा है कि आने वाले सप्ताह में महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों में फिर गरज-चमक के साथ बारिश हो सकती है।

क्लाइमेट चेंज के कारण भारत का ऋतुचक्र बदल रहा है। अब गर्मियों में भी तेज बारिश हो रही है और मानसून के अलावा भी बेमौसम बारिश आम होती जा रही है।

दिल्ली, एनसीआर और राजस्थान में धूल और स्मॉग की स्थिति बनी हुई है। तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश से तापमान में कमी आई, लेकिन दृश्यता घट गई।

विशेषज्ञों के अनुसार पोलर जेट स्ट्रीम में बदलाव और पोलर वॉर्टेक्स की स्थिति के कारण वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की संख्या बढ़ रही है। मार्च में 8 वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आए, जबकि सामान्य संख्या 4-5 होती है। अप्रैल के मध्य तक 3 और सिस्टम बनने की संभावना है।

राजस्थान के थार मरुस्थल में तेज हवाओं के कारण धूल उड़कर उत्तर भारत के मैदानी इलाकों तक पहुंच रही है, जिससे प्रदूषण (PM10) बढ़ रहा है। एंटी-साइक्लोनिक सकुर्लेशन के कारण धूल वातावरण में बनी रहती है और बारिश के बिना साफ नहीं होती। विशेषज्ञों का मानना है कि क्लाइमेट चेंज के कारण आने वाले दिनों में मौसम में और भी बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

# महासत्ताओं के लिए नए हथियारों की जांच की प्रयोगशाला बन गया खाड़ी क्षेत्र



स्नेहा सिंह
लेखिका

'नई गिल्ली, नया दांव' यह कहावत युद्धप्रिय अमेरिका पर पूरी तरह लागू होती है। यदि आप हाल का अतीत देखेंगे तो पता चलेगा कि हर कुछ वर्षों में अमेरिका कहीं न कहीं छोटे-बड़े युद्ध लड़ता ही आ रहा है। मानो अपनी रक्षा प्रयोगशालाओं में तैयार किए गए नए हथियारों की जांच करनी हो, उसी तरह अमेरिका दुनिया के किसी न किसी देश पर हमला करता है और चार-छह दिनों के सशस्त्र संघर्ष करता है। फिर उसका स्वार्थ पूरा हो जाता है तो पीछे हट जाता है।

रक्षा मामलों के एक भारतीय विशेषज्ञ ने बताया कि वर्तमान मिडिल ईस्ट में जो युद्ध चल रहा है, उसमें शामिल देश या प्रभावित देश अपने-अपने हथियारों को आजमा रहे हैं। इससे उनके हथियारों की उपयोगिता और प्रभावशीलता सिद्ध हो सके। साथ ही उनके सैनिकों की भी पूरी परीक्षा हो जाती है। गाजा, सीरिया, लेबनान, यमन और लाल सागर क्षेत्र में पिछले कुछ समय से जो संघर्ष चल रहा है, उसमें अमेरिका, रूस, इजरायल, तुर्की और ईरान जैसे देश अपने हथियारों का भरपूर परीक्षण कर रहे हैं। इन देशों के अलावा गैरराज्य तत्व जैसे हिज्बुल्लाह, हूती, हमास, हयात तहरीर अलशाम और कुर्द विद्रोही भी अपने हथियारों को 'धारदार' बना रहे हैं।

यह भी एक विचित्रता है कि एक ओर मिडिल ईस्ट के युद्ध में सैनिक और आम नागरिक जान गंवा रहे हैं, संपत्ति और बड़े-बड़े ढांचे नष्ट हो रहे हैं।

दूसरी ओर कुछ युद्धप्रिय देश अपने हथियारों की जांच कर रहे हैं और अपने सैनिकों को वास्तविक सैन्य प्रशिक्षण दे रहे हैं, ताकि उनका युद्धाभ्यास पूर्ण रूप से सफल हो सके।

इजरायल का ही उदाहरण लें तो उसने पिछले कुछ वर्षों से गाजा, लेबनान और सीरिया को अपने सैन्य अभ्यास के फायरिंग रेंज में बदल दिया है। जहां अंधाधुंध गोलीबारी, टैंकों की आवाजाही, बमबारी और मिसाइल हमले होते हैं।

अमेरिका ने कुछ वर्ष पहले इसी तरह इराक पर बारबार हवाई हमले कर अपने विभिन्न फाइटर-बॉम्बर विमानों की क्षमता परखी थी, जबकि रूस ने बारबार सीरिया का उपयोग मिसाइल परीक्षण के लिए किया है। नब्बे के दशक में इराक के खिलाफ 'गल्फ वॉर' के बाद अमेरिका ने नए मिलेनियम का पहला युद्ध ईरान के खिलाफ शुरू किया। लेकिन इस बीच वह शांत नहीं बैठा। सोमालिया, यूगोस्लाविया, साराजेवो, सर्बिया, सूडान और ईरान में भी उसने सशस्त्र हस्तक्षेप किए हैं। हर छोटे-बड़े युद्ध में अमेरिका अपने हथियारों का परीक्षण करता है, नया अनुभव प्राप्त करता है और अपनी सेना को और अधिक प्रशिक्षित व अनुभवी बनाता है।

अमेरिका आज दुनिया की एकमात्र महाशक्ति है। उसके पास सबसे बड़ा और आधुनिक रक्षा तंत्र है। अत्याधुनिक हथियार, लड़ाकू विमान और परमाणु संचालित पनडुब्बियां उसके पास हैं। स्पष्ट रूप से अमेरिका में विशाल हथियार उद्योग विकसित हो चुका है।

अमेरिका के एक शीर्ष सैन्य कमांडर ने कहा था कि युद्ध में विशेषकर नए फाइटर-बॉम्बर विमान और एयर डिफेंस सिस्टम का उपयोग उनकी तकनीकी क्षमता के बारे में सटीक जानकारी देता है। युद्ध के दौरान पायलट और इंजीनियरों को वास्तविक और उपयोगी अनुभव मिलता है।

27 फरवरी को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अमेरिकी सेना को ईरान पर हमले का आदेश दिया। इसके साथ ही अमेरिका और इजराइल के रक्षा विभागों ने अपने हथियार बनाने वाली कंपनियों को उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए। सैन्य अनुसंधानकर्ता भी नए हथियार तैयार करने में तेजी लाने लगे।

एक तरह से ईरान फिर से अमेरिका के लिए एक बड़ी रक्षा प्रयोगशाला बन गया है। एक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी के अनुसार युद्ध के दौरान ही किसी हथियार की वास्तविक ताकत और कमजोरी का सही आकलन किया जा सकता है। युद्ध में सफल हथियारों की नकल अन्य देश तुरंत करने लगते हैं या उन्हें खरीदने की कोशिश करते हैं।

समाचारों में रोज अमेरिका द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे आधुनिक विमान, मिसाइल, स्मार्ट बम और कमांडो उपकरणों की चर्चा होती है। इस युद्ध में सैटेलाइट, जीपीएस और संचार तकनीक का भी व्यापक उपयोग हो रहा है। युद्ध के शुरूआती दो सप्ताह बाद अमेरिका ने क्रूज मिसाइल और बमवर्षक विमानों का उपयोग कम कर दिया और जमीनी युद्ध की तैयारी शुरू कर दी। लेकिन शुरूआती दिनों में उसने अपनी क्रूज मिसाइल की नेविगेशन प्रणाली का परीक्षण कर लिया।

गौरतलब है कि पहले 'गल्फ वॉर' में अमेरिका की क्रूज मिसाइलें लक्ष्य से कुछ प्रतिशत चूक जाती थीं। बाद में उसमें सुधार किए गए। अब ईरान युद्ध में उनके प्रदर्शन का पुनः परीक्षण हो रहा है। ब्रिटेन ने भी अपनी पनडुब्बियों से टॉमहॉक मिसाइल लॉन्च करने की क्षमता को फिर से परखा है। कम लोग जानते हैं कि युद्ध के दौरान अमेरिका और अन्य देश अपने हमलों की वीडियो रिकॉर्डिंग भी करते हैं। उपग्रहों के जरिए तस्वीरें ली जाती हैं और बाद में उनका विश्लेषण कर सुधार किए जाते हैं।

पेंटागन इन तस्वीरों के आधार पर आगे की रणनीति तय करता है, कहां हमला करना है, कैसे दुश्मन की ताकत तोड़नी है। इस प्रकार अमेरिका के लिए ईरान का युद्धक्षेत्र एक बड़ी रक्षा प्रयोगशाला बन गया है। युद्ध का वास्तविक अनुभव किसी भी अभ्यास से अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसलिए अमेरिका बारबार युद्ध करता रहता है।

मध्यपूर्व के देशों में लगातार संघर्ष चलते रहते हैं और वे बड़े देशों से हथियार खरीदते रहते हैं। इससे हथियार उद्योग को बढ़ावा मिलता है और नए युद्धों की संभावना बनी रहती है। 1967 के अरब-इजरायल युद्ध के बाद से महाशक्तियों ने मध्यपूर्व को हथियारों के परीक्षण क्षेत्र के रूप में उपयोग किया है।

रूस द्वारा दिए गए एसएएम मिसाइलों की शुरूआत में विफलता के बाद उन्हें सुधारकर फिर सफल बनाया गया। 1973 में इन मिसाइलों ने इजरायली विमानों को मार गिराया।

रूस ने सीरिया युद्ध से मिले अनुभव का उपयोग यूक्रेन युद्ध में किया। इसी तरह ईरान ने भी सीरिया से अनुभव लेकर अपने हथियार विकसित किए। अमेरिका और रूस दोनों ने दशकों से इस क्षेत्र में हथियारों का परीक्षण किया है और उन्हें विभिन्न देशों को बेचा है। हाल के युद्ध में अमेरिका ने टॉमहॉक मिसाइल के नए संस्करण और बंकर-बस्टर बमों का परीक्षण किया है।

इजरायल ने भी अपने अत्याधुनिक हथियारों और तकनीकों का उपयोग कर उन्हें और बेहतर बनाया है। हालांकि इस बार इजराइल की आयरन डोम प्रणाली ईरान के क्लस्टर बमों के सामने कमजोर साबित हुई।

अमेरिका ने इस युद्ध में एसी-130 गनशिप और 'लुकास' ड्रोन जैसे नए हथियारों का भी उपयोग किया, जो सस्ते और प्रभावी साबित हुए।

ईरान ने भी अमेरिकी ड्रोन तकनीक की नकल कर अपने ड्रोन बनाए।

इस युद्ध में अमेरिका अपने सबसे आधुनिक हथियारों का उपयोग कर रहा है, जबकि ईरान सीमित संसाधनों के साथ मुकाबला कर रहा है। भारत सहित कई देश इस युद्ध का गहराई से अध्ययन कर रहे हैं। यह स्पष्ट हो गया है कि कम लागत वाले ड्रोन युद्ध में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

इस प्रकार, खाड़ी क्षेत्र महाशक्तियों के लिए हथियारों की वास्तविक परीक्षण प्रयोगशाला बन चुका है।

# जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में वार्षिक उत्सव 'शंखनाद-2K26' का भव्य आयोजन, छात्रों ने बिखेरे संस्कृति के रंग

राजेंद्र सिंह





**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** स्थानीय जे.एम.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में शनिवार को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव 'शंखनाद-2K26' का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्लबों से जुड़े छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर कला, संस्कृति और परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की झलक प्रस्तुत करता है ।कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान वाइस चेयरमैन डॉ. हिमांशु सिंघल, सचिव डॉ. रोहन सिंघल, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल व श्रीमती शगुन सिंघल, महानिदेशक प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम, जे.एम.एस. वर्ल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. निधि मलिक सहित संस्थान के प्राचार्य, संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे ।मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आयुष सिंघल ने कहा कि 'शंखनाद-2K26' का उद्देश्य खुशी, शांति और सद्भाव के साथ भारतीय संस्कृति और विरासत का उत्सव मनाना है।

वहीं सचिव डॉ. रोहन सिंघल ने बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान करते हैं ।उत्सव में विभिन्न क्लबों द्वारा थीम आधारित प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहीं। मैडिकल क्लब ने 'नारी एक रूप अनेक' के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया, जबकि प्रोफेशनल क्लब ने 'मां शक्ति डिवाइन देवी' थीम के जरिए भक्ति और शक्ति का संगम दिखाया।

मैनेजमेंट क्लब ने 'मैथोलॉजिकल स्टोरीज' के जरिए पौराणिक कथाओं को जीवंत किया। साइंस क्लब ने 'नारी शक्ति' थीम के माध्यम से विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान को दशार्या। ट्रेडिशनल क्लब ने 'सिने कार्निवल' के जरिए भारतीय सिनेमा की झलक प्रस्तुत की, वहीं टेक्निकल क्लब ने 'ऑपरेशन सिन्दूर' थीम के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया। इसके अतिरिक्त छात्रों ने संगीत, नृत्य, नाटक, स्किट, कॉमेडी और फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं में भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

निर्णायक मंडल की सदस्य मिस कंचन शर्मा, मिस शीतल शर्मा एवं मिस रूपसी शर्मा द्वारा निष्पक्ष मूल्यांकन के बाद विजेताओं की घोषणा की गई। प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्रोफेशनल एवं मैनेजमेंट क्लब ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान टेक्निकल क्लब और तृतीय स्थान साइंस क्लब को मिला। विजेता प्रतिभागियों को अवार्ड, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम के अंत में फाउंडर चेयरमैन राकेश सिंघल ने सभी छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए सफल आयोजन के लिए पूरे जे.एम.एस. परिवार एवं अभिभावकों को बधाई दी।

महानिदेशक प्रो. (डॉ.) सुभाष गौतम ने सभी अतिथियों, प्राध्यापकों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति शर्मा ने किया तथा आयोजन को सफल बनाने में कल्चरल समिति का विशेष योगदान रहा।

# पांच राज्यों के चुनाव प्रचार में सरकारी खर्च पर रोक लगाए निर्वाचन आयोग: पं. गोपाल शर्मा




राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर नमन करते हुए एक बयान जारी किया। उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में पांच राज्यों–पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पांडिचेरी–में चुनाव संपन्न होने जा रहे हैं, ऐसे में निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करना बेहद आवश्यक है ।उन्होंने भारतीय निर्वाचन आयोग से मांग की कि वह स्वतः संज्ञान लेते हुए चुनाव प्रचार के दौरान सरकारी खर्च के दुरुपयोग पर तत्काल रोक लगाए। उनका आरोप है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, चाहे वे सत्ता पक्ष में हों या विपक्ष में, चुनाव प्रचार में सरकारी संसाधनों का जमकर इस्तेमाल कर रहे हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है।

पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि देश इस समय महंगाई, गैस सिलेंडर, पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती कीमतों और आम जरूरतों की समस्याओं से जूझ रहा है।

ऐसे में चुनाव प्रचार पर होने वाला अत्यधिक खर्च आम जनता, विशेषकर महिलाओं पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल सकता है ।वहीं प्रदेश के कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा एडवोकेट ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, भारत के गृह मंत्री, प्रधानमंत्री सहित पांचों राज्यों के मुख्यमंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष द्वारा किए जा रहे चुनावी खर्च का विस्तृत ब्यौरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और जनता को सही जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह हो, जिससे आम नागरिक का विश्वास बना रहे।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हाफिजपुर पुलिस ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के मामले में वांछित/नामित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है ।पुलिस के अनुसार, थाना हाफिजपुर में पंजीकृत मु0अ0सं0 60/26 धारा 74, 352, 351(3) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट तथा 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट से संबंधित मामले में नामित अभियुक्त को ग्राम रामपुर की ओर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है ।गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान राजकुमार शर्मा पुत्र कुंजनलाल शर्मा निवासी ग्राम नंगला थाना हाफिजपुर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है ।इस गिरफ्तारी में थाना हाफिजपुर पुलिस टीम के उपनिरीक्षक भूपेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल रवि तथा कांस्टेबल जयव्रत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# प्रख्यात लेखक बी एल गौड व डॉ.शैलेश की कृति 'भविष्य की अयोध्या' का भव्य लोकार्पण

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** राजधानी के जनपथ स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में श्री अयोध्या न्यास द्वारा आयोजित आठवें 'अयोध्या पर्व' का भव्य एवं गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर से आए साहित्यकारों, बुद्धिजीवियों और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष आयाम प्रदान किया।



इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार बी.एल. गौड एवं डॉ. शैलेश शुक्ल की महत्वपूर्ण कृति 'भविष्य की अयोध्या' का भव्य लोकार्पण किया गया। पुस्तक का विमोचन राम बहादुर राय (अध्यक्ष, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र), राकेश सिंह (मुख्य कार्यकारी अधिकारी, यमुना विकास प्राधिकरण एवं नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रमुख) तथा लल्लू सिंह (पूर्व सांसद, अयोध्या) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

अपने उद्बोधन में राकेश सिंह ने 'भविष्य की अयोध्या' के नगर नियोजन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अयोध्या में आधुनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, किंतु उसकी मूल आत्मा–भारतीय परंपरा और सांस्कृतिक विरासत–अक्षुण्ण रहेगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा तैयार 'विजन मॉडल 2047' में विकास और विरासत के संतुलन को प्राथमिकता दी गई है, जिससे अयोध्या वैश्विक स्तर पर एक आदर्श आध्यात्मिक एवं आधुनिक नगरी के रूप में स्थापित हो सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राम बहादुर राय, लल्लू सिंह तथा बी.एल. गौड ने भी अयोध्या के सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व पर विचार व्यक्त किए और पुस्तक को समयानुकूल एवं दूरदर्शी कृति बताया। समारोह में पूर्व प्रधान आयकर आयुक्त आर.एस. रावल, शिखा दरबारी, पूर्व संयुक्त सचिव विष्णु दरबारी, रोमिता नारंग सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल अयोध्या के भविष्य की विकास परिकल्पना को रेखांकित किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और आधुनिकता के समन्वय का सशक्त संदेश भी दिया।

# चेकिंग के दौरान पिलखुवा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चोरी की फिराक में घूम रही 4 महिला अभियुक्त गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पिलखुवा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की फिराक में घूम रही घुमंतू जाति की 4 महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्ताओं के कब्जे से 25,000 रुपये नकद, पीली व सफेद धातु के आभूषण तथा 2 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अभियुक्ताओं ने बताया कि वे अलग-अलग स्थानों पर अस्थायी ठिकाने बनाकर रहती थीं और कुछ दिन रुककर आसपास के बंद मकानों की रेकी करती थीं। इसके बाद अपने पतियों के साथ मिलकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देती थीं और वारदात के बाद कुछ समय के लिए दूसरे ठिकानों पर चली जाती थीं, ताकि पुलिस से बचा जा सके। पुलिस ने सभी अभियुक्ताओं के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# शहीद जगदीश वत्स स्वतंत्रता सेनानी सदन की मुख्यमंत्री घोषणा पूरी न होना दुर्भाग्यपूर्ण-श्रीगोपाल नारसन

वेलकम इंडिया ब्यूरो




**रुड़की।** स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के उत्तराधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को ' 10 बजे 10 मिनट शहीदों के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत आज जनपद हरिद्वार के विभिन्न शहीद स्मारकों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिसमें स्वतंत्रता आंदोलन में सेनानियों के बलिदानों को याद करते हुए उन्हें अपनी भावपूर्ण पुष्पांजलि अर्पित की गई। रुड़की में मुख्य कार्यक्रम सुनहरा स्थित ऐतिहासिक वटवृक्ष पर आयोजित किया गया, जिसमें काफी संख्या में स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के उत्तराधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन स्वतंत्रता सेनानी महा कल्याण परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा जनपद हरिद्वार के एकमात्र शहीद जगदीश वत्स के भांजे डॉ. श्री गोपाल नारसन ने किया। राष्ट्रगान के बाद सभी उपस्थित उत्तराधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा ऐतिहासिक वट वृक्ष के बारे में जानकारी प्रस्तुत की गई। स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी परिवार समिति के अध्यक्ष देशबंधु ने हरिद्वार में हो रही स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारियों के स्वाभिमान सम्मेलन की जानकारी दी। डॉ. श्री गोपाल नारसन ने इस बात पर दुख जताया कि सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान के लिए कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है यहॉ तक कि मुख्यमंत्री द्वारा हरिद्वार में शहीद जगदीश वत्स स्वतंत्रता सेनानी सदन बनाए जाने की घोषणा भी कई वर्ष बीत जाने के बाद आज तक पूरी नहीं हो पाई है। इस पर स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी अनूप बंसल ने कहा कि यह अत्यंत गंभीर मामला है और हम सबको मिलकर इस संबंध में सामूहिक प्रयास करने चाहिए तथा अधिकारियों एवं संबंधित मंत्री से मिलना चाहिए। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय धन सिंह की पौत्री श्रीमती सुनील द्वारा उनका संक्षिप्त जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया की किस तरह उनके दादाजी लखनऊ जेल में वर्षों तक बंद रहे जिनका निधन सन 1972 में हो गया था। कार्यक्रम के अंत में उत्तराखंड कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी ने सभी का धन्यवाद अदा करते हुए कहा कि हमें प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होना चाहिए इससे न केवल हम अपने स्वतंत्रता सेनानी पूर्वजों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं बल्कि इससे संगठन को भी मजबूती मिलती है और आपसी सद्भावना भी बढ़ती है। कार्यक्रम में संजय झा, अनूप बंसल, श्रीपाल वत्स,रणबीर रावत समेत अनेक उत्तराधिकारी गण उपस्थित रहे। ब्लॉक भगवानपुर में स्थापित स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्तंभ पर उत्तराखंड स्वतंत्रता सेनानी कांग्रेस प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नवीन शरण निश्चल के संयोजन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें राजीव सैनी, मोहित सैनी, कविता सैनी, राजपाल सिंह,नरदेव त्यागी एवं प्रमोद चुड़ियाला आदि उत्तराधिकारियों ने भाग लिया।

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हुआ भव्य कार्यक्रम का आयोजन

विवेक जैन

**सोनीपत(वेलकम इंडिया)।** श्री अग्रसेन धाम कुंडली में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भजन कीर्तन और हनुमान चालीसा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश गर्ग ने बालाजी महाराज का महाअभिषेक किया और हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली, सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने श्री बालाजी महाराज जी को पालकी में विराजमान करके संपूर्ण धाम की परिक्रमा की। संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान किया व हर मंगलवार व शनिवार को हर घर में और हर प्रतिष्ठान पर श्री बालाजी हनुमान जी का चालीसा पाठ करने की अपील की। प्रांतीय अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने कहा कि श्री बालाजी हनुमान जी की पूजा किसी भी बांधा व संकट को काटने का सत



मार्ग है। सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने कहा कि संपूर्ण उत्तरी भारत में श्री अग्रसेन धाम कुंडली की प्रसिद्धी दिन प्रतिदिन उजागर हो रही है और यह नाम समाज व देश की शान बन रहा है। सम्पूर्ण कार्यक्रम समाजसेवी रमन बंसल के सानिध्य में पूर्ण हुआ। धाम की और से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिएं महामंडलेश्वर नर्मदा शंकर पुरी जी, हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, संस्था के सीनियर वाइस चेयरमैन टीकाराम मित्तल, संरक्षक वीरेंद्र बंसल, संपूर्ण भंडारा महाप्रसाद संयोजक वर्ल्डफॉ एक्सपोर्ट इंडिया के चेयरमैन प्रमोद गुप्ता, सतीश जैन, सुरेंद्र गुप्ता, उत्तम पाड़िया, अग्र केसरी रतन हरि प्रकाश मंगला, राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश गोयल, राष्ट्रीय महामंत्री अनिल गोयल, महामहिम राष्ट्रपति जी व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दीपक मंगला, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल सिंघल, राहुल सिंघल, मोहित गुप्ता नरेला, पंकज कौशिक, संजय शर्मा, सतीश, मुकेश अत्री, श्री हनुमान चालीसा परिवार कुंडली से सुप्रसिद्ध उद्योगपति सुरेश गर्ग और बालाजी भक्त रमन बंसल, रितिक अग्रवाल सहित समस्त अतिथियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

# सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी जिला कार्यालय पर मासिक बैठक

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**मुरादाबाद।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला कार्यालय पर मासिक बैठक का भव्य एवं प्रभावशाली आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता रवि चौधरी जिला अध्यक्ष एवं मंत्री प्रतिनिधि 27 विधानसभा ग्रामीण द्वारा की गई। बैठक में संगठन के सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं समर्पित कार्यकर्ता उत्साह एवं जोश के साथ उपस्थित रहे। बैठक के दौरान संगठन की मजबूती, पार्टी के जनाधार को निरंतर विस्तार देने तथा आगामी राजनीतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को लेकर गहन एवं सार्थक विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं, सामाजिक चुनौतियों एवं संगठनात्मक विषयों पर अपने महत्वपूर्ण सुझाव एवं विचार रखे। साथ ही यह भी संकल्प लिया गया कि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाज के प्रत्येक वर्ग के हितों की रक्षा हेतु निरंतर कार्य किया जाएगा। जिला अध्यक्ष रवि चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन की शक्ति उसके कार्यकताओं की एकजुटता, अनुशासन एवं सेवा भावना में निहित होती है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं का समाधान कराने में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा पार्टी की नीतियों एवं कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से जनमानस तक पहुंचाएं। साथ ही बैठक में यह भी स्पष्ट रूप से चर्चा की गई कि 27 विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र से विधायक पद की दावेदारी की तैयारी की जा रही है, ताकि 27 विधानसभा में निवास कर रहे सभी वर्गों के लोगों का समुचित भला किया जा सके तथा 27 विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र का युद्ध स्तर पर समग्र एवं तेजी से विकास सुनिश्चित किया जा सके। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और जनसमर्थन को व्यापक रूप से बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की सामाजिक समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाकर उनके त्वरित समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे तथा संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दानिश कुरेशी (महानगर अध्यक्ष), कुक्कू चौधरी (महानगर महामंत्री), अशोक सैनी (महानगर प्रभारी), मोहित ठाकुर (मीडिया प्रभारी), अमित चौधरी (संगठन मंत्री), शानू कुरैशी (महानगर उपाध्यक्ष), मुशाहिद हसन (विधानसभा अध्यक्ष), हैप्पी वाल्मीकि (जिला सचिव), मोनू सैनी (महानगर उपाध्यक्ष), मुकेश सैनी (नगर अध्यक्ष), दीपक सैनी (विधानसभा अध्यक्ष कुंदरकी), डॉ. विशाल वर्धन (जिला प्रचार मंत्री), विजेंद्र सिंह सैनी (प्रकोष्ठ अध्यक्ष), मयंक वर्मा (जिला महामंत्री), नासिर अली, गुलाम नबी प्रधान जी, रहीम अंसारी, राजा, नावेद अंसारी एवं अन्य सम्मानित पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल से शिष्टाचार मुलाकात सतीष तिवारी

संदीप तिवारी

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** कछवारोड। सेवापुरी भाजपा विधायक नील रतन सिंह पटेल 'नीलू' के कार्यालय खजुरी में रविवार को विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल से सतीश तिवारीने शिष्टाचार मुलाकात किया। जिसमें विभिन्न गांवों और कस्बों से आए सैकड़ों लोगों के साथ भाजपा कार्यों के विकास पर चर्चा हुई। वही सतीष तिवारी द्वारा विधायक प्रतिनिधि अदिति सिंह पटेल को अंग वस्त्र पहनाकर उनका स्वागत किया और गांव के विकाश जैसे रोड़, लाइट, और हैंडपंप के बारे में बात किया



वहां सतीष तिवारी ।धीरज तिवारी, राजेश तिवारी, बेचू तिवारी, विपिन समेत सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत स्मैक तस्करी पर बागेश्वर पुलिस की कार्रवाई

## 4.54 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

गोविन्द मेहता



**बागेश्वर(वेलकम इंडिया)।** उत्तराखण्ड पुलिस मुख्यालय स्तर से चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत बागेश्वर पुलिस सख्त हो गई है। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र मेहरा ने जिले के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत एसओजी टीम द्वारा चैकिंग के दौरान अभियुक्त अभियुक्त हर्षित टम्टा उर्फ हरीश कुमार पुत्र इंदर राम टम्टा निवासी घटबगढ़ वार्ड कोतवाली बागेश्वर के कब्जे से 4.54 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया है। पकड़े गए आरोपी को अवैध स्मैक की तश्करी कर युवाओं को नशे के दलदल में धकेलने की कोशिश, समाज मे अशांति की प्रवृति बढ़ने, युवाओं के भविष्य को खराब करने की कोशिश करने, अवैध नशे का कारोबार करने की कोशिश में अभियुक्त को धारा 08/21 एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया है। मामले का खुलासा करते हुए सीओ अजय साह ने बताया कि अवैध स्मैक का काला कारोबार करने वालों को बख्शा नही जाएगा।

पुलिस लगातार अवैध नशे का कारोबार करने वालों को चिन्हित कर उन पर पैनी नजर बनाए हुए है।उन्होंने सभी युवाओं से अवैध मादक पदार्थो के सेवन से बचने और स्मैक का कारोबार करने वालों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

वही प्रेस वार्ता में कोतवाल अनिल उपाध्याय ने अवैध स्मैक का कलाकारोबार कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसे स्मैक के नशे के कारोबारी समय रहते स्मैक और अवैध नशे का कारोबार छोड़ दें अन्यथा पुलिस सख्ती कर ऐसे नशेड़ियों पर सख्त कार्रवाई करेगी। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में एसओजी में तैनात एसआई जीवन सामन्त, व उनकी। टीम में शामिल कांस्टेबल भुबन बोरा रमेश सिंह,संतोष सिंह आदि मौजूद थे।

# जिलाधिकारी ने तहसील छाता के ग्राम चौमुंहा, पसौली तथा तहसील सदर के ग्राम देवीआटस का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त फसलों का निरीक्षण किया गया। जनपद में हाल ही में आई तेज आंधी, बारिश एवं ओलावृष्टि के कारण किसानों की फसलों को हुए नुकसान के दृष्टिगत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने प्रभावित ग्रामों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने तहसील छाता के ग्राम चौमुंहा एवं पसौली तथा तहसील सदर के ग्राम देवी आटस का निरीक्षण किया। निरीक्षण में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता को निर्देश दिए कि सभी किसानों के फसलों का सर्वे का कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करते हुए किसानों को मुआवजा देने की कार्यवाही को समयबद्धता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि सर्वे के कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता से करे तथा किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आनी चाहिए। जिलाधिकारी ने खेतों में जाकर फसलों की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। किसानों द्वारा बारी-बारी से अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षति का आकलन शीघ्रता से पारदर्शी ढंग से किया जाए, ताकि प्रभावित किसानों को शासन द्वारा निर्धारित राहत सहायता समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को हर संभव सहायता प्रदान करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कृषि एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सर्वे कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और वास्तविक नुकसान का सही आंकलन प्रस्तुत किया जाए।

# भागवत कृपा धाम आश्रम में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा 07 अप्रैल से

डॉ. गोपाल चतुर्वेदी



**वृन्दावन(वेलकम इंडिया)।** चैतन्य विहार फेस-1/पापड़ी चौराहा स्थित भागवत कृपा धाम आश्रम में श्रीवल्लभाचार्य जी सेवा प्रचार ट्रस्ट, वृन्दावन के द्वारा महाप्रभु वल्लभाचार्य महाराज के 549वें प्राकट्य महोत्सव के 34 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 07 से 13 अप्रैल 2026 पर्यंत अत्यंत श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए महोत्सव के व्यवस्थापक दीपक शर्मा, गोविन्द शर्मा एवं अनुराग शर्मा ने बताया है कि कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्वविख्यात भागवतोपासक जगदीश चन्द्र शास्त्री महाराज अपनी सुमधुर वाणी में अपराह्न 04 से सायं 7 बजे तक देश-विदेश से आए असंख्य भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत की अमृतमयी कथा का रसास्वादन कराएंगे। जिसमें सभी भक्त-श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

# सब बढ़ें, स्कूल चलें के अन्तर्गत छात्रों ने निकाली स्कूल चलो अभियान रैली

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/मगोर्रा।** जन जन की यही पुकार स्कूल चलो अबकी बार एवं सब बढ़ें स्कूल चलें के अन्तर्गत अनेकों नारों के मध्य गोवर्धन विकासखण्ड अंतर्गत मगोर्रा में न्याय पंचायत स्तरीय रैली का शुभारंभ एआरपी कपिल देव चौधरी ने किया। विदित रहे कि छात्रों में पढ़ाई-लिखाई के प्रति जन जागरुकता अभियान के अन्तर्गत शासन एवं प्रशासन के आदेश के अनुपालन में जनपद में विकासखण्डवार स्कूल चलो अभियान रैली निकाली जा रही हैं।

इसी क्रम में छात्रों का अधिक से अधिक नामांकन कराने के उद्देश्य से एआरपी कपिल देव चौधरी के निर्देशन में मगोर्रा में न्याय पंचायत स्तरीय रैली का सफल आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य अभिवावकों को अपने छात्रों का शत प्रतिशत नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने को लेकर था। इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मगोर्रा प्रथम के प्रधानाध्यापक हेमेंद्र सिंह, प्राथमिक विद्यालय मगोर्रा द्वितीय की प्रधानाध्यापिका ओमश्री एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय मगोर्रा के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश आदि द्वारा शासन से प्राप्त मूलभूत सुविधाओं से लाभान्वित होने पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरपी कपिल देव चौधरी ने कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है।

शासन के आदेश के अनुपालन में कोई भी छात्र शिक्षा की मुख्य धारा से वंचित नहीं रहना चाहिए। इस अवसर पर समस्त स्टाफ कर्मियों को लेकर प्रधानाध्यापकों ने शिक्षा की ज्योति प्रकाशित करने के लिए घर घर जाकर उन अभिवावकों से संपर्क किया जिनके छात्र अभी तक स्कूल नहीं जा रहे हैं। उन्होंने विस्तार पूर्वक अभिवावकों को निःशुल्क यूनिफॉर्म,जूता मोजा, स्कूल बैग और डीबीटी के माध्यम से मिलने वाली धनराशि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। कार्यक्रम में संपूर्ण मगोर्रा को साक्षर करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों में गोविंद प्रसाद वर्मा,रेखा रानी, प्रियंका सिंह,अंजू तिवारी, ममता, मधुलता , चंचल, हेमलता,मछला, विमलेश, ग्रामीण गिर्राज सिंह, गंम्भीर सिंह, प्रशान्त, त्रिवेन्द्र आदि थे। अंत में आयोजकों ने उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया।

# चौमुहां में हनुमान जयंती पर उमड़ा आस्था का सैलाब



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/चौमुहां।** कस्बा स्थित प्राचीन श्री बालाजी आश्रम से हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। भक्ति और उत्साह से सराबोर इस यात्रा में युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जय श्री राम और बजरंग बली के जयकारों से पूरा कस्बा राममय हो गया। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण ऊंट के ऊपर किया गया पारंपरिक राजस्थानी नृत्य रहा, जिसे देखने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यात्रा में सबसे आगे चल रहे गोरिल्ला और घोड़ी के नृत्य ने बच्चों का मन मोह लिया। हनुमान जी की मनमोहक झांकी के पीछे श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते नजर आए। बालाजी आश्रम से शुरू हुई यह शोभायात्रा बिहारी जी मंदिर, गोपाल जी मंदिर, मुख्य बाजार, जुझार तकिया, दाऊद और मारूफ मोहल्ला होते हुए वापस बालाजी आश्रम पर जाकर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। देर शाम तक चले इस आयोजन ने कस्बे के वातावरण को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। व्यवस्थाओं को संभालने के लिए स्थानीय युवा और सेवादार पूरी तरह मुस्तैद रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, कालू पहलवान, शिवराम, दीपक, कान्हा, वंशी, पवन, कौशल, लोकेश, टीकम, राहुल आदि उपस्थित रहे।

# आगरा में रफ्तार पर 'रडार' का पहरा, यमुना एक्सप्रेसवे और NH-19 पर ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई

मयूर खान



**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में सड़क हादसों पर प्रभावी अंकुश लगाने और हाईवे को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से आगरा ट्रैफिक पुलिस ने शनिवार को विशेष अभियान चलाया। डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार के नेतृत्व में 05 अप्रैल 2026 को यमुना एक्सप्रेसवे और ठल-19 पर हाईटेक स्पीड रडार गन के माध्यम से ओवरस्पीडिंग करने वाले वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले बड़ी संख्या में वाहनों के चालान काटे गए। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया कि हाईवे पर होने वाली अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं की मुख्य वजह तेज रफ्तार है। इसी को नियंत्रित करने के लिए अब ट्रैफिक पुलिस पारंपरिक तरीकों के बजाय आधुनिक तकनीक का सहारा ले रही है। स्पीड रडार गन दूर से ही वाहन की सटीक गति दर्ज कर लेती है, जिससे तेज रफ्तार वाहनों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई संभव हो रही है।

### 'मकसद चालान नहीं, जनसुरक्षा है'

अभियान के दौरान डीसीपी ट्रैफिक सोनम कुमार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल चालान काटना या राजस्व जुटाना नहीं, बल्कि हर नागरिक की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सड़क पर की गई छोटी सी लापरवाही न केवल वाहन चालक, बल्कि अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

### वाहन चालकों से अपील

ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है। इसके तहत–

- निर्धारित गति सीमा के भीतर ही वाहन चलाएं
- कार में सीट बेल्ट और दोपहिया पर हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें
- लेन ड्राइविंग का पालन करें और अचानक लेन न बदलें

### अभियान आगे भी रहेगा जारी

डीसीपी ट्रैफिक ने स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल एक दिन की कार्रवाई नहीं है, बल्कि आने वाले दिनों में इसे और अधिक सघनता के साथ चलाया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को न्यूनतम स्तर पर लाया जा सके।

आगरा ट्रैफिक पुलिस का संदेश है 'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प।'

# इस्लाम नगर टेड़ी बगिया में सैय्यद सादिक शाह बाबा की मजार पर भव्य उर्स का आयोजन



मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** जनपद आगरा के इस्लाम नगर स्थित 5वीं मस्जिद परिसर में सैय्यद सादिक शाह बाबा की मजार पर बड़े ही श्रद्धा और आस्था के साथ भव्य उर्स का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर मजार पर चादरपोशी की और बाबा से अमन-चैन व खुशहाली की दुआएं मांगीं।

उर्स के दौरान धार्मिक माहौल देखने को मिला, जहां अकीदतमंदों की भारी भीड़ जुटी रही। मजार के खादिम सूफी सब्बीर जहीरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले लगभग 10 वर्षों से यहां उर्स का आयोजन लगातार किया जा रहा है, जिसमें हर साल दूर-दूर से लोग शिरकत करते हैं।

कार्यक्रम की विशेष आकर्षण कब्बाली रही, जिसमें सासनी से आए कब्बाल अल्लाह मेहर ने अपने सूफियाना कलाम से माहौल को पूरी तरह से रूहानी बना दिया। उनकी प्रस्तुति पर उपस्थित लोग झूम उठे और देर रात तक कार्यक्रम चलता रहा।

इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद सज्जन अली,पत्रकार परवेश अल्वी, साकिर अल्वी, अकरम अल्वी सहित क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग किया।

उर्स का यह आयोजन क्षेत्र में आपसी भाईचारे, प्रेम और एकता का प्रतीक बनकर उभरा, जहां सभी धर्मों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# वाराणसी से 'साधना सनातन दल' की घोषणा, सनातन एकता को मिलेगा नया मंच

## सांस्कृतिक संरक्षण के लिए नया संगठन साधना सनातन दल का गठन

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** देश के बदलते सामाजिक परिदृश्य और सांस्कृतिक चुनौतियों के बीच साधना फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा एक नए संगठन 'साधना सनातन दल' के गठन की घोषणा की है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.सौरभ मौर्य ने कहा कि आज आवश्यकता है कि समाज अपनी जड़ों,संस्कृति और परंपराओं के प्रति सजग हो तथा किसी भी प्रकार की वैचारिक या सामाजिक चुनौतियों का मजबूती से सामना करे उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब समय आ गया है कि सनातन समाज अपनी एकता और शक्ति को संगठित रूप में प्रस्तुत करे और जिहादियों के हर मंसूबों को मुंहतोड़ जवाब दें। पूरे भारत में लव जिहाद,लैंड जिहाद, थूक जिहाद, मूत्र जिहाद चरम पर है और हिंदू बहन बेटियों को टारगेट करके उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। साधना सनातन दल में कार्यरत हर एक सदस्य को इन्हीं सब कार्यों को रोकना है एवं अपनी बहन बेटियों को सुरक्षित करना है उन्होंने बताया कि 'साधना सनातन दल' का उद्देश्य पूरे भारत में सनातनियों को एक मंच पर लाकर उनकी एकजुटता को सशक्त करना है। यह संगठन वाराणसी की पवित्र भूमि से संचालित होकर राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करेगा और समाज के हर वर्ग ब्राह्मण,क्षत्रिय,वैश्य, शूद्र,दलित को एक सूत्र में बांधने का प्रयास करेगा। डॉ.मौर्य ने कहा कि संगठन सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक संरक्षण और राष्ट्रहित के मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखेगा तथा आवश्यकता पड़ने पर लोकतांत्रिक तरीकों से संघर्ष भी करेगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब कोई भी ताकत सनातन समाज की एकता और आत्मसम्मान को कमजोर नहीं कर सकती। उन्होंने आगे बताया कि बहुत जल्द संगठन के राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी और देशभर में व्यापक स्तर पर जनसंपर्क एवं जागरूकता अभियान शुरू किए जाएंगे।

# कुदरत का कहर—शिकारपुर में ओलावृष्टि से अन्नदाता पस्त

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुलंदशहर।** रविवार को मौसम के बदले मिजाज ने किसानों की साल भर की मेहनत पर पानी फेर दिया। शिकारपुर तहसील क्षेत्र में दोपहर बाद अचानक काली घटाएं छाईं और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ भारी ओलावृष्टि और मूसलाधार बारिश शुरू हो गई।

यह बेमौसम बरसात उस समय हुई है जब किसान अपनी फसल समेटने की तैयारी में था। अब खेतों में बिछी सफेद ओलों की चादर और पानी में डूबी फसलें किसानों की बबार्दी की कहानी खुद बयां कर रही हैं।

### खेतों में कटी पड़ी थी फसल, अब जलमग्न

वर्तमान में शिकारपुर क्षेत्र के गांवों में गेहूं की कटाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा था। अधिकांश किसानों ने फसल काटकर खेतों में ही सुखाने और थ्रेसिंग के लिए रखी थी। लेकिन अचानक आई इस आपदा ने सब कुछ उलट-पुलट कर दिया।

तेज हवा के कारण जहाँ खड़ी फसल खेतों में बिछ गई (lodging), वहीं कटी हुई फसल पानी में तैरती नजर आई। किसानों का कहना है कि गेहूं का दाना काला पड़ जाएगा और भूसा भी पूरी तरह खराब हो जाएगा। आलू किसानों की बढ़ी मुश्किलें खेतों से बाहर खुदाई कर पड़ा आलू सड़ने की संभावना सिर्फ गेहूं ही नहीं, बल्कि आलू की खुदाई कर रहे किसानों के लिए भी यह बारिश किसी अभिशाप से कम नहीं है।

खेतों में पानी भर जाने से मिट्टी गीली हो गई है, जिससे जमीन के अंदर दबा आलू सड़ने की कगार पर है। नमी बढ़ने से आलू की गुणवत्ता खराब होगी, जिससे बाजार में उचित दाम मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। शिकारपुर क्षेत्र की इन तस्वीरों ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया है।

ओलावृष्टि के बाद खेतों का मुआयना करने पहुंचे किसानों के चेहरे पर मायूसी और आंखों में आंसू हैं। अन्नदाता का कहना है कि खाद, बीज और सिंचाई में लगा कर्ज अब कैसे उतरेगा, यह बड़ा सवाल है।

क्षेत्र के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और उत्तर प्रदेश सरकार से जल्द से जल्द सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की है।

मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में भी बादल छाए रहने की संभावना जताई है।

यदि बारिश का सिलसिला जारी रहा, तो जिले में कृषि क्षेत्र को अपूरणीय क्षति हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि वह जल्द से जल्द लेखपालों को मौके पर भेजकर नुकसान का आकलन शुरू कराए।'

# टीईटी अनिवार्यता के विरोध में दिल्ली की रैली में शामिल हुए शिक्षक

**मथुरा/बलदेव(वेलकम इंडिया)।** देशभर के परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध में नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विरोध–प्रदर्शन किया। जिसमें विकास खंड बलदेव से भी बड़ी संख्या में शिक्षक पहुंचे और केंद्र सरकार से सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को कानून बनाकर रोकने की मांग की। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के आह्वान पर देशभर से बड़ी संख्या में शिक्षक रामलीला मैदान पहुंचे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नन्द किशोर गुधेनिया, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष उपेंद्र पांडेय, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री सुसेंद्र मित्तल, रवेंद्र रावत, सुजीत वर्मा, जगदीश पाठक, सौरभ सारस्वत आदि ने कहा कि वर्ष 2011 के पूर्व भर्ती हुए शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किया जाना उचित नहीं है। तमाम शिक्षक रिटायर होने की कगार पर हैं और अब वह टीईटी पास करें तो उनकी नौकरी बचे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को केंद्र सरकार कानून बनाकर रोके।विकास खंड बलदेव से हजारों शिक्षकों ने प्रदर्शन में भाग लिया।

# स्मार्ट मीटर से करोड़ों के बारे-नयारे-300 रु के एडवांस से ही 210 करोड़ पहुंचा कंपनी को, गोवर्धन में महिलाओं ने किया बिजलीघर पर प्रदर्शन



### 19 यूनिट ज्यादा दिखा रहा स्मार्ट मीटर

अड़ींग निवासी विजय भोले सोनी ने घर की लाइन में स्मार्ट और पुराना दोनों मीटर लगा रखे हैं। उनका आरोप है स्मार्ट मीटर 19 यूनिट ज्यादा दिखा रहा है।

### बेरोजगार हुए मीटर रीडर

स्मार्ट मीटर लगाने से हजारों संविदा कर्मी बेरोजगार होने के कगार पर हैं। जब मीटर की रीडिंग ऑनलाइन ही लेली जाएगी तो रीडर का काम ही नहीं रहेगा।

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** स्मार्ट मीटर पर कोहराम थमता नहीं दिख रहा है, कंपनी ने इन मीटरों की आड़ में करोड़ों का फंड जमा कर लिया है। शनिवार को स्मार्ट मीटर के खिलाफ गोवर्धन में महिलाओं ने प्रदर्शन किया। स्मार्ट मीटर की आड़ में विद्युत कंपनी ने एक उपभोक्ता से 300 रुपए के हिसाब से एडवांस लिया तो 210 करोड़ एडवांस बनता है। अखबारों के आंकड़े को सच मानें तो यूपी में 70 लाख मीटर लगाये गये हैं। मथुरा जनपद की गोवर्धन तहसील स्थित गांव अड़ींग निवासी पप्पी शर्मा सेहरा पारसा का आरोप है कि बगैर केविल बदले, सुरेन्द्र कुमार से बगैर पूछे मीटर बदल गये। पूनम ब्रज वाटिका के अनुसार कालोनी में दर्जनों लोगों की केविल नहीं बदली और सीलिंग स्लिप पर केविल बदलने के साइन करा लें गये।

# सोनार समाज एक होगा तो राजनीतिक भागीदारी की जीत सकेगा जंग:पूर्व चेयरमैन

## 11अप्रैल को सोनार महापंचायत लखनऊ में एकजुटता दिखायेगा सोनार समाज

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** सोनार स्वर्णकार समाज जब तक एकजुट होकर अपनी ताकत और आवाज को बुलंद नहीं करेगा तब तक राजनीतिक दलों की कठपुतली बन कर नाचता रहेगा।किसी भी राजनीतिक दल ने सोनार समाज के हित की बात नहीं करता है।सोनार समाज को राजनीतिक भागीदारी मिले इसके लिए लखनऊ में आगामी 11अप्रैल को सोनार महापंचायत आयोजित किया गया है।उक्त विचार रविवार को सजातीय बंधुओं की महुली,नाथनगर,सेमरियावां, बाघनगर,लोहरौली बाजार में स्वर्णकार समाज की बैठक को संबोधित करते हुये नगर पालिका खलीलाबाद के पूर्व चेयरमैन श्याम सुंदर वर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि सोनार समाज की थोड़ी सी अंगड़ाई का परिणाम है कि स्वर्णकार समाज ने अपने हक की लड़ाई लड़ने का हुंकार भर रहा है।जिसके लिये सोनार समाज को एक सूत्र में बांध कर एकता को मजबूत करने के लिये दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर कार्य करने की आवश्यकता है। संख्या बल होने के बावजूद सोनार समाज को राजनीतिक दल उनके हिस्से की राजनीति भागीदारी नहीं देते हैं।

इसका सबसे बड़ा कारण हमारा समाज बटा हुआ है।अशोक वर्मा ने कहा कि हमें अपने हक की लड़ाई स्वयं लड़नी होगी।इसके लिए हम सभी को आपसी रागद्वेष को भूल कर एक सूत्र में बंध कर कार्य करना पड़ेगा। हमारा समाज राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के लिये लंच और मंच तैयार कर उनके पीछे पीछे भागता रहता है। जब सोनार समाज को भागीदारी की जरूरत होती है तब कोई भी दल सोनार समाज को पचा नहीं पाता है।उन्होंने स्वजातीय बंधुओं का आह्वान करते हुये कहा कि अपने हक और हुकूक पाने के सबको एक साथ संघर्ष करना पड़ेगा।

अपने सोनार समाज का कोई मजबूत अगुआ होना चाहिये जो उच्च सदन और निचले सदन तक उनकी समस्या को गंभीरता से उठा सके।मंगल प्रसाद वर्मा ने कहा कि महापंचायत के माध्यम से सरकार से स्वर्णकला बोर्ड के गठन, आईपीसी की धारा 411,412और बीएनएस 317में पुलिसिया उत्पीड़न, साहूकारिता लाइसेंस की बहाली,स्वर्ण व्यवसायियों को सशक्त न्याय दिलवाने तथा स्वर्ण व्यवसाईयों को शास्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराने की मांग की जायेगी। इसी क्रम में शुभम वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि सोनार समाज में व्यापार को लेकर प्रतिद्वंदिता रखें लेकिन अपने हक की लड़ाई के लिए एकता बनाएं।तभी देश की राजनीतिक पार्टियां स्वर्णकार समाज के महत्व को जानेंगी।

बैठक को संबोधित करते हुए अरविन्द वर्मा ने कहा कि सोनार समाज का सभी दलों ने शोषण किया है लेकिन अब सोनार समाज जागरूक हो चुका है।जिसके परिणाम स्वरूप स्वर्णकार समाज के विभिन्न संगठनों के संयुक्त आह्वान पर सोनार महापंचायत का आयोजन किया गया।इस महापंचायत में स्वर्णकार समाज के बंधु अपने संसाधनों से अधिक से अधिक संख्या में रवींद्रालय सभागार लखनऊ में पहुंच कर अपनी ताकत का एहसास कराएं। इस मौके पर सत्य प्रकाश वर्मा, राजेश कुमार वर्मा,आकाश वर्मा,हरिओम वर्मा,राजेन्द्र वर्मा,अनिल सोनी,सुनील वर्माआदि लोग उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत रविवार को थाना बाबूगढ़ की मिशन शक्ति टीम द्वारा ग्राम अलीपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान टीम की प्रभारी म0उ0नि0 सांत्वना गौतम, म0का0 बबीता, म0का0 अलका एवं म0का0 दीपा ने खेतों में कार्य कर रही महिलाओं एवं बालिकाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के द्वितीय चरण की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें सुरक्षा एवं सहायता के लिए जारी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (वूमेन पावर लाइन), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 108 (एम्बुलेंस सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 102 (स्वास्थ्य सेवा), हापुड़ साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 9412223343 एवं 9520864950 के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। टीम द्वारा महिलाओं को विभिन्न महिला कल्याणकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई तथा उन्हें जागरूक करते हुए किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संबंधित हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं ने अभियान की सराहना करते हुए पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया।

# अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दें और नशे से दूर रहें- लौटन राम निषाद

## समाज को अपने अधिकारो के प्रति जागरूक होना पड़ेगा - पप्पू निषाद

वेलकम इंडिया संवाददाता





**संतकबीरनगर।** रविवार को अतरवास तिलकधारी इंटर कालेज सीयर उत्तरपट्टी मेंहदावल महाराज गुह्यराज निषाद जी की जयंती पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान सपा सांसद सहित कई हस्तियों ने शिरकत की। अतरवास तिलकधारी इंटर कालेज सीयर उत्तरपट्टी मेंहदावल महाराज गुह्यराज निषाद जी की जयंती पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा के पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लौटन राम निषाद अगर समाज में सम्मान पाना हैं तो अपने बच्चों को शिक्षा दें अच्छे स्कूल में पढ़ाये और नशा से दूर रहे। नशा न सिर्फ आपकी जिन्दगी तबाह करता है बल्कि आपके बच्चों का भविष्य भी खराब कर देता है। आप दूसरे लोगों से नफरत न करें बल्कि प्रतिस्पर्धा करें। अपने बच्चों की प्रतिभा को निखारे। उन्होंने कहा कि जब आप अपने बच्चों को पढ़ाएंगे तभी वह सरकारी नौकरी पाने के हकदार होंगे। शिक्षा से ही सामाजिक व राजनीतिक जागरूकता आती है। वरना आप राजनीतिक रूप से ठगे जायेंगे। सपा सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। जागरूक समाज ही अपने अधिकारों को प्राप्त करते हैं। आप सिर्फ एक वोट बैंक मत बनिए। उन्होंने कहा कि हमें उन शक्तियों को बेनकाब करना है जो हमारा वोट लेकर सौदा करते हैं। ऐसे लोगों के बहकावे में न आये। निषाद समाज की प्रमुख मांगें आरक्षण और राजनीतिक हिस्सेदारी हैं, जिसके लिए लगातार संघर्ष किया जा रहा है। सम्मेलन की अध्यक्षता हरिराम निषाद ने की। इस अवसर पर सुनील सिंह, के डी यादव, मो. इसहाक अंसारी, मो. अहमद, वसीम अहमद, विद्यालय प्रबंधक चन्द्र शेखर सिंह, हीरालाल निषाद, श्रीचंद्र निषाद, राम नयन निषाद, बालकिशुन निषाद, सतीश साहनी, सुनीता निषाद, प्रिया पाठक, रुक्मिणी निषाद, गुंजा यादव, ओमकार यादव, संतबाली निषाद, बाल किशन निषाद, श्यामलाल निषाद, श्याम जी विश्वकर्मा, धर्मेंद्र यादव, अर्जुन यादव, समीउल्लाह खान, रामजी फौजी, शकुंतला निषाद, बलिराम साहनी आदि मौजूद रहे।

# थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने आर्म्स एक्ट के मामले में अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में थाना धर्मसिंहवा थानाध्यक्ष अमित कुशवाहा, का0 ओमवीर सिंह, का0 अमृतेश मिश्रा ने मु0अ0स0 37/26 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना धर्मसिंहवा जनपद संतकबीरनगर के मामले में अभियुक्त नाम पता जितेन्द्र गिरि पुत्र महेन्द्र गिरि निवासी लखिमा थरुआ थाना कोतवाली महराजगंज जनपद महराजगंज को रविवार को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि आज दिनांक 05.04.2026 को थाना धर्मसिंहवा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग के दौरान पाखापार नहर पुलिया के पास से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद अवैध तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने युवती के साथ दुष्कर्म करने के मामले में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर(वेलकम इंडिया)।** जनपद में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अन्तर्गत महिलाओं पर अपराधों के रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली खलीलाबाद अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, व0उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव ने मु0अ0सं0 241/2026 धारा 64(1),352,351(3) बी0एन0एस0 के मामले में वांछित अभियुक्त संदीप मौर्या पुत्र भालचन्द मौर्या निवासी फरेन्दिया थाना कोतवाली खलीलाबाद को मंझरिया रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। विदित हो कि वादिनी द्वारा दिनाँक 04.04.2026 को थाना कोतवाली खलीलाबाद पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादिनी के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

# मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 54मरीजों के स्वाथ्य की हुई जांच

वेलकम इंडिया संवाददाता




**संतकबीरनगर।** नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगहर में रविवार को चिकित्सा धिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान की देख रेख में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया।जिसमें कुल54मरीजों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही 23लोगों के विभिन्न प्रकार की खून की जांच कर मरीजों को स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह के साथ ही निःशुल्क दवायें भी दी गयीं।

प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सुफियान खान ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में कुल 54मरीजों की जांच की गयी।इस दौरान बुखार,मियादी बुखार,

खांसी,ब्लड प्रेशर,विभिन्न प्रकार के ब्लड की भी जांच की गयी।जांच के बाद उनमें निःशुल्क दवायें भी वितरित की गयी है।आगे बताया कि मौसम बदल रहा है कभी ठंडक कभी गर्म ऐसे में बहुत सावधानी की आवश्यकता है।अभी ठंडी चीजें खाने से बचें। उबले पानी व साफ पानी का सेवन करते रहें।इस समय वाइरल फ ी व र , ि म ा य ा ा द ी बुखार,खांसी,सर्दी,जुकाम,खुजली,सुगर,फोड़े फुंसी आदि सहित विभिन्न प्रकार के मरीज इलाज हेतु आरहे हैं।बच्चों में फीवर,दस्त,छोटी छोटी फुंसी,खांसी की भी शिकायत आरही है। साथ ही सुगर,ब्लडप्रेशर,न्यूरो,सर्वाइकल से सम्बंधित मरीज भी आरहे हैं।जिनका मर्ज के हिसाब से इलाज किया जारहा है। अन्य जांच व गम्भीर बीरियों के मरीजों को सीएचसी खलीलाबाद के लिये भेज दिया जाता है।आगे बताया कि बासी खाने से बचें।हरी सब्जी,सलाद का सेवन अवश्य करें। अपने आस पास गन्दगी न होने देने के साथ ही अनावश्यक रूप से पानी इक्ट्ठा न होने दें।

सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।खान पान सही रखें।जीएनएम शालिनी पांडेय ने बताया कि महिलाओं में कमर दर्द,सुगर,पीरियड,ज्यादातर लिकोरिया के मरीज आरहे हैं।प्रसूताओं को विभिन्न जानकारी देने के साथ ही निःशुल्क दवायें भी दी जाती हैं।ऐसे मरीज इससे बचाव करने के लिये साफ सफाई रखें,नियमित जांच कराते रहें।समय से दवाई का सेवन करते रहें।लैबटेक्नीशियन शिवनन्दन ने बताया कि चिकित्सालय में लगभग19प्रकार की ब्लड के जांच की सुविधा उपलब्ध है।सुगर,कफ आदि की भी जांच की जाती है।रविवार को कुल 23मरीजो के ब्लड के सेम्पल लेकर विभिन्न प्रकार के जांच की गयी। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डाक्टर अबु सूफियान खान,जीएनएम शालिनी पांडेय,एलटी ि श ा व न ा न द न ा , आ श ा यादव,एएनएमललिता,नमिता,जीएनएम हरिकेश,आनन्द कुमार,सुनील आदि लोग मौजूद रहे।

# भाजपा प्रशिक्षण शिविर का समापन, 2027 चुनाव की तैयारियों पर जोर

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत नगर के जैन स्थानक में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का रविवार को समापन हो गया। शिविर में कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, बूथ प्रबंधन और आगामी 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मार्गदर्शन दिया गया।इसदौरान जिला महामंत्री भूपेंद्र शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा अपने अनुशासित कार्यकताओं के दम पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत के संकल्प के साथ बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना होगा। साथ ही सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क बनाए रखने और विपक्ष के भ्रामक प्रचार का मजबूती से जवाब देने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने की।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए कहा कि राजनीति सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं, बल्कि अंतिम व्यक्ति की सेवा का माध्यम है।

उन्होंने कार्यकताओं से 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से संगठन को मजबूत करने और एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया।

इस दौरान शिविर परिसर में लगाई गई महापुरुषों की प्रदर्शनी का भी अवलोकन कराया गया।दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की गतिविधियों को मीडिया तक पहुंचाने में मंडल मीडिया प्रभारी विनित शर्मा की भूमिका की भी पदाधिकारियों ने सराहना की। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, मंडल उपाध्यक्ष प्रतिभा उर्फ सिमरन, मीडिया प्रभारी विनित शर्मा, जिला दीपक गुप्ता, राजीव शर्मा, डॉ. रणवीर, रवि टांक, संजय मित्तल, सोनू चौहान, सतवीर, अनिल बोहरा, सादिक, राजीव कश्यप, रज्जो प्रधान, अशोक चौहान और संदीप सैनी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शराब के नशे में सड़क पर गिरा होमगार्ड, वीडियो बनाते रहे लोग

मोहसिन रहमानी



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** क्षेत्र के एक गांव निवासी होमगार्ड ने एक बार फिर अपनी हरकतों से वर्दी की गरिमा पर सवाल खड़े कर दिए। रविवार शाम कस्बे के गंगेरू मार्ग पर शराब के नशे में धुत एक होमगार्ड सड़क पर गिर गया और काफी देर तक वहीं पड़ा रहा। इस दौरान राहगीर और आसपास के लोग उसका वीडियो बनाते रहे। बाद में परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए।थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी श्याम निवासी संदीप होमगार्ड के पद पर तैनात है। बताया जाता है कि संदीप का पूर्व में भी कई बार शराब के नशे में झूमते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है। उस समय विभागीय स्तर पर उसके खिलाफ कार्रवाई भी की गई थी। इसके बावजूद भी वह अपनी आदत से बाज नहीं आ रहा है।रविवार शाम एक बार फिर संदीप शराब के नशे में गंगेरू मार्ग पर लड़खड़ाते हुए जा रहा था। अचानक संतुलन बिगड़ने पर वह सड़क पर ही गिर पड़ा। काफी देर तक वह वहीं पड़ा रहा। आसपास मौजूद लोग उसे उठाने के बजाय उसका वीडियो बनाते रहे, जिससे मामला चर्चा का विषय बन गया।कुछ देर बाद उसके परिचित मौके पर पहुंचे और उसे ई-रिक्शा में बैठाकर अपने साथ घर ले गए। लोगों का कहना है कि पहले संबंधित होमगार्ड की आदतों में सुधार नहीं आया है।

# प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने विधायक को सौंपा मांग पत्र

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** दुधारा थाना क्षेत्र के लोहरौली ठकुराई के प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने मेहदावल विधायक अनिल त्रिपाठी से उनके आवास पर मुलाकात कर अपने गांव की समस्या को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। प्रधान प्रतिनिधि गुड्डू विश्वकर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय से ककरहिया बॉर्डर तक चकरोड पटवाया गया है गांव के 25 लोगों ने मकान बनवा लिए हैं जिन्हे आने जाने में दिक्कत हो रही है। उन्होंने एक किमी सीसी रोड सहित नाली का निर्माण कार्य कराये जाने की मांग की गई है। विधायक अनिल त्रिपाठी ने समस्या के जल्द ही समाधान का आश्वासन दिये हैं।

# आबादी के बीच नाले की सिल्ट डालने पर भड़के कॉलोनीवासी, किया प्रदर्शन

मोहसिन रहमानी



**झिंझाना(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला माजरा स्थित ऊन रोड पर बनी नई कॉलोनी में नाले से निकली सिल्ट डाले जाने से नाराज कॉलोनीवासियों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि आबादी के बीच सड़ी-गली गंदगी डालने से पूरे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है और हालात बदतर हो गए हैं।सूचना मिलने पर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के मंडल अध्यक्ष सुखपाल राठी मौके पर पहुंचे और लोगों की समस्या सुनी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन की ओर से धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

इस दौरान ब्लॉक सचिव सोहनबीर और रमेश भी मौजूद रहे। बस्ती के लोगों का कहना है कि जब उन्होंने ठेकेदार के साथ काम कर रहे लोगों से पूछा कि यह गंदगी किसके निर्देश पर यहां डाली जा रही है, तो उन्होंने नगर पंचायत अध्यक्ष का हवाला देते हुए कहा कि बाद में इसके ऊपर मिट्टी डाल दी जाएगी।

हालांकि, यह कहने के बाद वे मौके से चले गए। कॉलोनीवासियों के अनुसार अब तक करीब 40 से 50 ट्रॉलियां सिल्ट यहां डाली जा चुकी हैं, जिससे क्षेत्र में तेज दुर्गंध फैल रही है और बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। बस्ती निवासी संदीप, रीना, आमिर और श्यामलाल ने बताया कि बिना किसी सूचना के यहां गंदगी डाली जा रही है, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैल गई है। घरों के बाहर खड़ा होना मुश्किल हो गया है और बच्चों व बुजुर्गों को खास परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही मच्छरों के बढ़ने और बीमारी फैलने का डर भी बना हुआ है।आरोप है शिकायत के बावजूद अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द गंदगी नहीं हटाई गई तो वह बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेशपाल से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। बस्तीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल गंदगी हटवाकर क्षेत्र की सफाई कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# भाजपा नेता ने सांसद विधायक को पत्र लिखकर किसानों के नुकसान की भरपाई को लेकर मुआवजा की उठाई मांग

## सांसद विधायक ने किसानों की बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्व कराने का दिया आश्वासन

वेलकम इंडिया संवाददाता





**अहमदगढ़/बुलंदशहर।** परबेन्दर देशवाल ने बुलंदशहर सांसद भोला सिंह एवं शिकारपुर विधानसभा के विधायक अनिल शर्मा से किसानों के मुआवजे की उठाई मांग।

परबेदर देशवाल भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय सहसंयोजक ने सांसद डॉ भोला सिंह एवं पूर्व राज्य मंत्री विधायक शिकारपुर अनिल शर्मा को पत्र लिखकर के किसान की बर्बाद हो रही गेहूं की फसल पहले बर्बाद हो चुकी सरसों की फसल के विषय में अवगत कराया कई दिनों से लगातार हो रही बरसात एवं तीव्र हवा ओलावृष्टि से किसान की फसल बर्बाद हो चुकी है भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार से किसान के लिए मुआवजा दिलाया जाए आलू की फसल का पहले सही मूल्य न मिलने पर बाजार में खरीद न होने की वजह से परेशान चल रहा है किसान लेकिन रविवार को अचानक मौसम ने करवट ली और अब इस ओलावृष्टि व बेमौसम बरसात तीव्र हवाओं ने गेहूं की खड़ी और कटी पड़ी फसल खेतों में ही बेकार हो गई है क्योंकि खेतों में बारिश का पानी भर गया है किसान को।

एकदम बबार्दी के कगार पर लाकर के खड़ा कर दिया है अगर ऐसे में भारत सरकार और राज्य सरकार मिलकर किसान की सहायता नहीं कर पाई तो किसान कहां से अपने बच्चों की पढ़ाई माता-पिता की दवाई और पारिवारिक खर्चों का कैसे बोझ उठा पायेगा उन्होंने कहा है की आपसे आशा और अपेक्षा है क्योंकि आप किसान परिवार में पैदा हुए हैं किसान के दुख से भली-भांति परिचित है तो आप निश्चित रूप से किसान की मदद में खड़े होंगे और सरकार द्वारा किसान की सहायता करने में सहभागी बनेंगे।

शिकारपुर पहासू अहमदगढ़ क्षेत्र के आसपास के गांवों में जैसे कि फतेहगढ़ गंगावास खखूड़ा मामऊं हजरतपुर बोहिच मीरापुर बाद डोमला रानऊ असरौली कनेनी दरवेशपुर आदि गांव में बेमौसम बारिश ने किसानों की गेहूं की फसल को चौपट कर दिया है किसानों के सामने बारिश अब मुसीबतों का पहाड़ बनकर टूटी है।

उधर परबेंदर ने बताया है कि इस पत्र पर संज्ञान लेते हुए सांसद डॉ भोला सिंह ने किसानों की बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सर्व कराकर मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है।

# चौकी के सामने सीसी रोड बनना शुरू

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बुगरासी।** रविवार को बुगरासी चौकी के सामने टूटी फूटी पडी सडक का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। ठेकेदार प्रमोद कुमार ने बताया कि इस सडक की एक साईड एक माह पहले बना दी गई थी अब दूसरी साईड पर भी सीसी रोड का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है।

दो दिन के अंदर सडक बनकर पूरी हो जायेगी। इसके बाद एक माह तक सडक पर रोजाना तराई कराई जायेगी।एक माह तक रास्ता वन वे चलेगा।

एक माह के बाद दोनों साईड चला दी जायेगी।कस्बे वासियों को इस सडक के बनने से खुशी की लहर है।वही दूसरी तरफ दीवान सचिन कुमार का कहना है कि टूटी फूटी कच्ची सडक से सारे दिन धूल उडती रहती थी जिससे फरियादी व पुलिस वाले सभी परेशान रहते थे।अब इस सीसी रोड के बनने से धूल नही उडेगी। सभी को काफी सुविधा होगी।

# मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न के खिलाफ पुलिस का अभियान: 72 वाहनों के चालान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर जनपद में मॉडिफाइड साइलेंसर, अवैध प्रेशर हॉर्न और हूटर के खिलाफ तीन दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।यातायात पुलिस और क्रिटिकल कॉरिडोर (सीसी) टीम ने प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील मार्गों पर सघन चेकिंग कर ऐसे उपकरण हटवाए। अभियान के दौरान अब तक मॉडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 50 और अवैध प्रेशर हॉर्न व हूटर का प्रयोग करने वाले 22 वाहनों समेत कुल 72 वाहनों के चालान किए गए। पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों और ध्वनि प्रदूषण के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए अवैध मॉडिफिकेशन न करने की अपील भी की है।

# वाराणसी में 'ऑल-न्यू डस्टर 2026' का भव्य अनावरण, आधुनिक फीचर्स से लैस एसयूवी बनी आकर्षण का केंद्र

## रोहनियाँ में रेनॉल्ट की नई डस्टर लॉन्च, दमदार इंजन और हाई-टेक फीचर्स ने बढ़ाई धूम

संतोष कुमार सिंह




**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश के प्रमुख ऑटोमोबाइल व्यावसायिक क्षेत्र रोहनियाँ वाराणसी में पांच अप्रैल रविवार को रेनॉल्ट की बहुप्रतीक्षित एसयूवी 'ऑल-न्यू डस्टर 2026' का भव्य अनावरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ.हेमंत गुप्ता एवं भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के राज्य सह-संयोजक (विदेश संपर्क विभाग) डॉ. मनोज कुमार शाह रहे जिन्होंने संयुक्त रूप से वाहन का लोकार्पण किया। कंपनी के जनरल मैनेजर शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने नई डस्टर की आधुनिक तकनीक,दमदार प्रदर्शन और प्रतिस्पर्धी कीमतों की जानकारी साझा करते हुए बताया कि यह एसयूवी अत्याधुनिक RGMP प्लेटफॉर्म पर निर्मित है जो भारतीय सड़कों के अनुरूप बेहतर सवारी और उत्कृष्ट हैंडलिंग प्रदान करती है।

### हाई-टेक इंटीरियर और प्रीमियम फीचर्स

नई डस्टर में 10.1 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम (गूगल बिल्ट-इन यूआई के साथ) और 10.25 इंच का डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले दिया गया है। इसके साथ ही पैनोरमिक सनरूफ, वेंटिलेटेड सीट्स और वायरलेस चार्जिंग जैसी प्रीमियम सुविधाएं इसे अपने सेगमेंट में खास बनाती हैं।

### सुरक्षा में भी अग्रणी

वाहन में 17 एडवांस अऊअर फीचर्स,6 एयरबैग और 360 डिग्री कैमरा जैसी आधुनिक सुरक्षा तकनीकें शामिल की गई हैं जो ड्राइविंग को अधिक सुरक्षित और भरोसेमंद बनाती हैं।

### दमदार इंजन और परफॉर्मेंस

नई डस्टर टर्बो टीसीई 160 इंजन से लैस है जो 163 पीएस की पावर और 280 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है यह 6- स्पीड मैनुअल और 6-स्पीड वेट क्लच डीसीटी ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है। अंतर्राष्ट्रीय एजेंसी कऊक्रअऊअ द्वारा प्रमाणित इसकी राइड,हैंडलिंग,स्टीयरिंग और ब्रेकिंग भारतीय सड़कों पर स्थिर और विश्वसनीय अनुभव सुनिश्चित करती है।

### कीमत और उपलब्धता

कंपनी ने नई डस्टर की शुरूआती एक्स शोरूम कीमत 10.49 लाख रुपये रखी है जो टॉप मॉडल के लिए 18.49 लाख रुपये तक जाती है। वाराणसी में ऑन रोड कीमतें आरटीओ एवं बीमा के अनुसार निर्धारित होंगी रोहनियाँ स्थित शोरूम में टेस्ट ड्राइव और बुकिंग की सुविधा शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर वाराणसी रेनॉल्ट कंपनी के डायरेक्टर अनुराग गोयनका एवं आशीष पटोदिया भी उपस्थित रहे।

# बाबू जगजीवन राम सामाजिक समानता और न्याय के सशक्त पैरोकार थे : जियाउर्रहमान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** जिला कांग्रेस कमेटी की जिला इकाई ने बाबू जगजीवन राम की जयंती जिला कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने की।

कार्यकताओं ने बाबू जगजीवन राम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिलाध्यक्ष जियाउर्रहमान ने कहा कि बाबू जगजीवन राम का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की प्रेरणादायक मिसाल है।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम के साथ-साथ दलितों, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए भी महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों ने उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सुभाष गांधी, डॉ. एसडी शर्मा, मनीष चतुवेर्दी, किशन चौधरी, नईम मंसूरी, सचिन वशिष्ठ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 53 साल का अपराध,30 मुकदमे और 10 हजार का इनाम

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर खुर्जा पुलिस ने एक ऐसे अपराधी को सलाखों के पीछे भेजा है, जिसका जुर्म की दुनिया से नाता पिछले 50 सालों से भी ज्यादा पुराना है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में खुर्जा नगर पुलिस ने 10 हजार रुपये के इनामी हिस्ट्रीशीटर रविन्द्र उर्फ गोर्खी को गिरफ्तार किया है। 1970 के दशक से सक्रिय इस अपराधी पर हत्या, लूट, अपहरण और एनएसए (NSA) जैसे 30 संगीन मामले दर्ज हैं। खुर्जा नगर इलाके में पुलिस को उस वक्त बड़ी कामयाबी मिली जब मुखबिर की सूचना पर कैलाश कट के पास से रविन्द्र उर्फ गोर्खी को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। गोर्खी पर हाल ही में पहासू रोड के निवासी दामोदर सिंह पर जानलेवा हमला करने का आरोप था, जिसके बाद से वह फरार चल रहा था।

**क्राइम फाइल:** रविन्द्र उर्फ गोर्खी (अपराध का आधा दशक) इंडियन एक्सप्रेस की इन्वेस्टिगेटिव डेस्क के अनुसार, इस अपराधी का इतिहास हैरान करने वाला है:

**शुरूआत (1973):** गोर्खी पर पहला हत्या का मुकदमा 1973 में कोतवाली नगर में दर्ज हुआ था।

**अपराध का दायरा:** केवल उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि दिल्ली (कनॉट पैलेस) और मध्य प्रदेश (उज्जैन) तक इसकी आपराधिक गतिविधियां फैली थीं।

**संगीन धाराएं:** इस हिस्ट्रीशीटर पर 5 हत्या के मामले, 5 लूट/डकैती, अपहरण, और दो बार NSA (राष्ट्रीय सुरक्षा कानून) के तहत कार्यवाही हो चुकी है।

**ताजा मामला:** फरवरी 2026 में एक सुनियोजित साजिश के तहत दामोदर सिंह पर जानलेवा हमला किया, जिसमें खुर्जा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रेमचंद शर्मा और उनकी टीम के लिए यह चुनौती बड़ी थी क्योंकि गोर्खी पुलिस की कार्यप्रणाली से अच्छी तरह वाकिफ था। 2001 में इस पर गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया था। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि इतने लंबे आपराधिक इतिहास के बावजूद इसे किन लोगों का संरक्षण प्राप्त था। खुर्जा पुलिस ने इस गिरफ्तारी के माध्यम से साफ संदेश दिया है कि अपराधी चाहे कितना भी पुराना या शातिर क्यों न हो, कानून के लंबे हाथ उस तक पहुँच ही जाते हैं। अभियुक्त को आज कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बुलंदशहर पुलिस की बड़ी कामयाबी: 25 हजार का इनामी गैंगस्टर अजय कुमार गिरफ्तार




वेलकम इंडिया संवाददाता

**खुर्जा।** उत्तर प्रदेश में अपराधियों के खिलाफ जारी जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत बुलंदशहर पुलिस को आज एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वाट टीम और अरनिया पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश अजय कुमार को दबोच लिया है। यह गिरफ्तारी उस समय हुई जब अपराधी जिले से भागने की फिराक में था। अरनिया इलाके में आज सुबह उस समय हलचल तेज हो गई, जब पुलिस की स्वाट टीम (देहात) ने ग्राम ईशनपुर गेट के पास घेराबंदी की। पुलिस को सटीक मुखबिर से सूचना मिली थी कि गैंगस्टर एक्ट में वांछित अजय कुमार, जो पिछले काफी समय से फरार चल रहा था, इलाके में देखा गया है। पकड़ा गया अभियुक्त अजय कुमार अलीगढ़ के चन्डौस इलाके का रहने वाला है। उस पर हत्या के प्रयास, अवैध हथियार रखने और गैंगस्टर एक्ट जैसे कई गंभीर मामले दर्ज हैं।हमारी टीम को मिली जानकारी के अनुसार, इस सफल ऑपरेशन को स्वाट टीम प्रभारी राजकुमार चौधरी और अरनिया थाना प्रभारी सोहनवीर सोलंकी की टीम ने अंजाम दिया। एसएसपी बुलन्दशहर ने इस गिरफ्तारी को जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है।

# नगर में भगवान महावीर रथ शोभायात्रा हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई

वेलकम इंडिया संवाददाता





**शिकारपुर(बुलंदशहर)।** शनिवार को शिकारपुर में श्री 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान के जन्म कल्याण महोत्सव पर भव्य रथ शोभायात्रा निकाली गई ताज बैन्ड द्वारा भजनों की धुनों पर श्रद्धालु जम कर झूमे बर्फ चौराहे पर 51 थालों से आरती की गई शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया ब्राहम्ण समाज द्वारा भी शोभायात्रा का स्वागत किया गया . इस शोभायात्रा का शुभारंभ जैन मंदिर से रवाना हो कर नगर के मुख्य बाजारों से निकाली गई इस अवसर पर विजय कुमार जैन चीनू जैन पंकज जैन पदम चन्द जैन संदीप जैन सुशील जैन संजय जैन नमन जैन कमल जैन विमल जैन मनोज कुमार शर्मा नीरज काका विकास गर्ग सोनू जैन (रंजीत सैनी वीरेंद्र गर्ग गौतम सूर्यवंशी राजेन्द्र लोधी योगेन्द्र माहौर गगन शर्मा सभासद गण) नरेश चन्द शर्मा शैलेन्द्र शर्मा डब्लू शर्मा संजय शुक्ला दीपू मित्तल नीरज मित्तल आदि गण मान्य लोगों सहित काफी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं शान्ति व्यवस्था के लिए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यज्ञदत्त शर्मा एसएसआई रुद्र प्रताप सिंह ने मौके पर मौजूद रहकर पुलिस बल के साथ शोभायात्रा सकुशल संपन्न कराई।

# यूपी पुलिस में एसआई के पदों में बढ़ोत्तरी की मांग को लेकर विधायक को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**जेवर/गौतमबुधनगर/बुलंदशहर।** विधानसभा जेवर के विधायक ठाकुर धीरेंद्र सिंह को उत्तर प्रदेश पुलिस उप निरीक्षक पद बढ़ाने की मांग को लेकर अभ्यार्थियों ने शनिवार को विधायक के आवास रबूपुरा पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। तथा विधायक द्वारा सभी अभ्यार्थियों को आश्वासन दिया कि यह कार्य अवश्य किया जाएगा। इस मौके पर योगेंद्र सोलंकी रविंद्र प्रताप सोलंकी लवकुश ठाकुर राहुल सिंह प्रेमचंद सिंह प्रमोद गौड़ आदि अभ्यर्थी मौजूद रहे।

# विश्व ऑटिज्म दिवस पर सान्वी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर,35 बच्चों की हुई जांच

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** सान्वी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विश्व ऑटिज्म दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.एस.के.तिवारी एवं एनोरेक्टल सर्जन डॉ.शर्मिला तिवारी द्वारा किया गया।

शिविर में 2 वर्ष से 12 वर्ष तक के लगभग 35 बच्चों की स्क्रीनिंग एवं संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास का विशेष रूप से मूल्यांकन किया गया।

इस अवसर पर डॉ.एस.के.तिवारी ने बच्चों के विकास पर मोबाइल के अत्यधिक उपयोग के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी उन्होंने बताया कि ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण कई बार बच्चों में ऑटिज्म जैसे लक्षण, अत्यधिक सक्रियता (हाइपरएक्टिविटी),ध्यान की कमी (इनअटेंशन) तथा आंख से आंख मिलाकर संपर्क (आई कॉन्टैक्ट) में कमी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं उन्होंने ऑटिज्म एवं हाइपरएक्टिविटी के मामलों में समय रहते पहचान और प्रारंभिक हस्तक्षेप (अर्ली इंटरवेंशन) को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

डॉ.शर्मिला तिवारी ने बच्चों के समुचित विकास में पोषण की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि विटामिन डी एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों (माइक्रोन्यूट्रिएंट्स) की कमी भी बच्चों के विकास को प्रभावित कर सकती है।

# उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा बुलंदशहर डिपो का निर्विरोध चुनाव हुआ संपन्न



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** रविवार को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ शाखा बुलंदशहर डिपो का चुनाव सर्वसम्मति से चुनाव अधिकारी राकेश टिटोरिया एवं संजय सक्सेना की देखरेख में निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें दुष्यन्त चौधरी को शाखा अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह को शाखा मंत्री देवीदास को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नरेन्द्र सिंह को उपाध्यक्ष एवं शुभम गोस्वामी को कोषाध्यक्ष एवं पीतम सिंह को प्रचार मंत्री चुना गया। चुनाव निर्विरोध संपन्न होने पर स्टाफ ने फूलमाला पहनाकर सभी का जोरदार स्वागत किया है और बधाई प्रेषित की गई है।

# तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परिणाम समारोह का आयोजन

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में वार्षिक परिणाम समारोह का गौरवमयी, प्रेरणास्पद एवं अनुपम आयोजन दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व के प्रतीक विद्यालय प्रबंधक विनोद कुमार माहेश्वरी के कुशल मार्गदर्शन में तुलसीराम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मोदीनगर में वार्षिक परिणाम समारोह का अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन किया गया। यह अवसर केवल परिणाम घोषणा का नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, समर्पण एवं उत्कृष्टता के उत्सव के रूप में साकार हुआ। सत्र 2024-25 में कक्षा 10 में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाली वर्तमान कक्षा 11 की छात्राएँ अंशिका, मानसी एवं दिया को विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रत्येक को 5000 रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके परिश्रम, लगन एवं उत्कृष्ट उपलब्धि के प्रति विद्यालय की सराहना का प्रतीक है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। उनकी सफलता ने न केवल विद्यालय को गौरवान्वित किया, बल्कि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी बनी। पूरे समारोह में उत्साह, उल्लास एवं गर्व का अद्भुत समन्वय दृष्टिगोचर हुआ।

समारोह में अभिभावकों की गरिमामयी एवं सक्रिय उपस्थिति ने आयोजन को विशेष ऊँचाई प्रदान की। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुशासित वातावरण एवं मूल्यपरक शिक्षा की सराहना करते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में विद्यालय के योगदान को अत्यंत सराहनीय बताया। विद्यालय के प्रबंधक श्री विनोद कुमार माहेश्वरी जी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, समय के महत्व को समझने एवं निरंतर आत्मविकास की ओर अग्रसर रहने का संदेश दिया। विद्यालय के निर्देशक गौरव कुमार माहेश्वरी जी एवं निर्देशिका श्रीमती राधिका माहेश्वरी जी ने विद्यार्थियों की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें निरंतर उत्कृष्टता की ओर अग्रसर रहने हेतु प्रेरित किया तथा जीवन में उच्च आदर्श स्थापित करने का संदेश दिया। प्रधानाचार्या श्रीमती रजनी ओहरी ने अपने ओजस्वी विचारों से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन में नई ऊँचाइयाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस सफल आयोजन के पीछे विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं इंचार्ज का समर्पण, निष्ठा एवं अथक परिश्रम अत्यंत सराहनीय रहा। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित, प्रभावशाली एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# नकली किताब बेचने के आरोप के चलते मारा छापा, बड़ी मात्रा में किताबों को लिया कब्जे में



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** नकली किताब बेचने के आरोप के चलते गोविंदपुरी कॉलोनी स्थित एक बुक स्टोर के गोदाम पर तहसील टीम व शिक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर वहां से कुछ किताबों को अपने कब्जे में ले लिया है। किताबें कब्जे में लेने के बाद तहसील टीम ने गोदाम पर ताला लगा दिया है। इन किताबों की जांच के बाद ही इस मामले में अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। दरअसल कस्बा रोड निवासी एक अधिवक्ता अंकित मित्तल ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में नगर के दो लोगों पर फर्जी तरीके से किताबें छापकर उन पर फर्जी आईएसबीएन (इंटरनेशनल स्टैंडर्ड बुक नंबर) छापकर बेचने का आरोप लगाया था। अंकित के मुताबिक आरोपियों पर पूर्व में भी वर्ष 2023 में फर्जी किताबें छापने का मामला दर्ज है जो न्यायालय में विचाराधीन है। इस शिकायत पर एसडीएम के निर्देश पर तहसील व एबीएसए की टीम ने गोविंदपुरी स्थित उक्त गोदाम पर छापेमारी कर वहां से दर्जनों किताबों को अपने कब्जे में लिया है। छापेमारी करने वाली टीम में नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, पवन तिवारी व अन्य मौजूद रहे। एसडीएम अजित सिंह ने इन किताबों की जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कही है।

# महर्षि कश्यप जयंती पर भंडारे व गोष्ठी का आयोजन किया




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** भगवान महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में फफराना महर्षि कश्यप जयंती के उपलक्ष्य मे फफराना बस्ती में भंडारे और गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि जेपी कश्यप वरिष्ठ सपा नेता व नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली थे। कार्यक्रम का आयोजन जेपी कश्यप ने कहा की ऋषि कश्यप ब्रह्माजी के मानस-पुत्र मरीची के विद्वान पुत्र थे।

मान्यता के अनुसार उन्हें अनिष्टनेमी के नाम से भी जाना जाता है। इनकी माता कला कर्दम ऋषि की पुत्री और कपिल देव की बहन थी। कश्यप को ऋषि-मुनियों में श्रेष्ठ माना गया है । इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली ने कहा की कि महर्षि कश्यप भारतीय संस्कृति और समाज के महान ऋषि थे। जिनके आदर्शों और शिक्षाओं से समाज को प्रेरणा मिलती है। इसलिए हर वर्ष उनकी जयंती को पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ मनाया। इस मौके पर वार्ड 17 सभासद प्रदीप शर्मा, लोकेश कश्यप, नागेंद्र कश्यप, दिनेश कश्यप, पवन कश्यप, संजय कश्यप, चमन कश्यप, रामवीर कश्यप, अभी कश्यप, अंश कश्यप, हनी कश्यप, अतुल कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, अनिल कश्यप, संजीव कश्यप, राम किशन कश्यप आदि उपस्थित थे।

# ईंट निमार्ता एसोसिएशन अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना के नेतृत्व में हुई बैठक, भट्ठा कारोबार की समस्याओं पर मंथन

## भट्ठा मालिकों ने दिखाई एकजुटता, प्रदूषण लाइसेंस व जीएसटी मुद्दों पर हुई चर्चा





संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** राजातालाब स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर परिसर में पांच अप्रैल रविवार को ईट निमार्ता एसोसिएशन वाराणसी के वर्तमान अध्यक्ष हरिशंकर सिंह मुन्ना के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के सभी भट्ठा मालिकों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदूषण (पर्यावरण) लाइसेंस प्राप्त करने तथा भट्ठों से संबंधित जीएसटी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक मे उपस्थित सदस्यों ने कहा कि वर्तमान समय में भट्ठा व्यवसाय कई प्रशासनिक और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है जिसके समाधान के लिए सभी का एकजुट होना आवश्यक है। संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि सभी भट्ठा मालिक नियमित रूप से छोटी -छोटी बैठकों का आयोजन करेंगे ताकि आपसी समन्वय बढ़े और समस्याओं का त्वरित समाधान निकाला जा सके। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने एक स्वर में कहा कि वे सभी मिलकर भट्ठा व्यवसाय से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करेंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से हरिशंकर सिंह मुन्ना, राहुल कुमार सिंह, अजीत सिंह, हरिओम, चन्दन सिंह, आलोक कुमार पाहन, आनंद सिंह, अखिलेश सिंह, गुड्डन जायसवाल, अखिलेश सिंह, पंकज सिंह, अतुल कुमार सिंह, बच्चाराम यादव सहित अन्य भट्ठा मालिक उपस्थित रहे।

# प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर व गौराकलां में कक्षा पांच के बच्चों को भावभीनी विदाई, कार्यक्रम में छलका उत्साह और संवेदना



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** चिरईगाँव विकास खंड स्थित प्राथमिक विद्यालय खालिसपुर और गौराकलां में कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ खालिसपुर और गौराकलां विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। इस अवसर पर दोनों विद्यालय के जूनियर छात्रों ने अपने वरिष्ठ साथियों के सम्मान में प्रेरणादायक गीत, नृत्य और लघु नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विदा होने वाले छात्र-छात्राओं ने विद्यालय में बिताए अपने पाँच वर्षों के खट्टे-मीठे अनुभवों को साझा करते हुए शिक्षकों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की जिससे पूरा माहौल भावुक हो गया। समारोह के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार रहने और निरंतर परिश्रम करने का संदेश दिया। विद्यालय की ओर से मेधावी छात्रों को अंक पत्र एवं शैक्षिक सामग्री भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। प्रधानाध्यापिका आरती देवी ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि प्राथमिक विद्यालय से मिली शिक्षा उनके जीवन का आधार बनेगी और वे आगे चलकर समाज में विद्यालय व गाँव का नाम रोशन करेंगे।

# लघु उद्योग भारती की मोदीनगर इकाई के पदाधिकारियों की हुई बैठक

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** लघु उद्योग भारती की मोदीनगर इकाई के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई । जिसमें संगठन के विस्तार, नए सदस्य बनाने व संगठन के स्थापना दिवस मनाने पर भी चर्चा हुई। संभाग कार्यकारणी सदस्य अमित अग्रवाल के निवास पर एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मोदीनगर के महासचिव प्रवीण डवास व राजीव शर्मा भी शामिल हुए।

बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के विस्तार, नए सदस्य बनाने व संगठन के स्थापना दिवस मनाने पर भी चर्चा हुई। महामंत्री प्रवीण डवास ने कहा कि अति शीघ्र नए सदस्य बनाने की शुरूआत की जाएगी।

जिसके परिणाम अति शीघ्र नजर आएंगे। संभाग कार्यकारणी सदस्य अमित अग्रवाल द्वारा स्थापना दिवस मनाये जाने पर भी चर्चा की एवं बताया कि मोदीनगर इकाई के अध्यक्ष सत्येदर गौतम नेपाल गये हुए है, उनके लौटने पर सत्येदर गौतम से विचार विमर्श करके स्थापना दिवस कार्यक्रम की पूरी योजना को मूर्त रूप दे दिया जायेगा।

इस अवसर पर राजीव शर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि स्थापना दिवस के अवसर पर लघु उद्योग भारती के किसी शीर्ष पदाधिकारी को भी आमंत्रित किया जाये एवं इंडस्ट्रीज से संबंधित किसी अधिकारी को भी बुलाया जाये तो अच्छा रहेगा। प्रवीण डवास को हेल्थ कैंप लगाने कि बधाई भी दी।

# कौशाम्बी पुलिस की सतर्कता रंग लाईः चेकिंग के दौरान शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक व दो स्कूटी बरामद

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से चोरी की गई 01 मोटर साइकिल एवं 02 स्कूटी बरामद की हैं।

## चेकिंग के दौरान पकड़ा गया अभियुक्त

पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच कर रही थी, तभी एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ की गई। जांच में वह वाहन चोर निकला, जिसके पास से चोरी के तीन दोपहिया वाहन बरामद हुए।

## बरामदगी का विवरण

चोरी की मोटर साइकिल, चोरी की स्कूटी, पुलिस की मुस्तैदी से खुलासा



पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के चलते वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में सफलता मिल रही है। गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य घटनाओं के खुलासे की भी संभावना है।

## विधिक कार्रवाई जारी

अभियुक्त के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मौलाना अब्दुल्लाह मुगीसी का इंतकाल, क्षेत्र में शोक की लहर

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** मौलाना अब्दुल्लाह मुगीसी के इंतकाल की खबर से मेरठ समेत पूरे देश में गहरा शोक व्याप्त है। वह ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल के सदर और जामिया इस्लामिया गुलजार हुसैनिया के मोहतमिम थे।

मौलाना मुगीसी साहब एक प्रतिष्ठित इस्लामिक विद्वान और सामाजिक व्यक्तित्व थे, जिन्होंने जीवनभर समाज में भाईचारे, एकता और सभी धर्मों के बीच सौहार्द का संदेश दिया। उनके पास हर धर्म और वर्ग के लोग दुआ और मार्गदर्शन के लिए पहुंचते थे। उनके इंतकाल को अपूरणीय क्षति बताते हुए क्षेत्र और देशभर के लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

भोजपुर क्षेत्र के कमेटी सदस्य मॉ० जावेद त्यौड़ी (13 बिस्वा), शकील अहमद, हाजी सादिक, मॉ० ताजिर, डॉ० इमरान, चौधरी फरमान और शहीद अफजल एडवोकेट सहित कई लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दुआ की।

लोगों का कहना है कि मौलाना साहब का जाना केवल मेरठ ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक बड़ी क्षति है। उनके विचार और मार्गदर्शन हमेशा समाज को सही दिशा देते रहेंगे।

अल्लाह से दुआ है कि मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में जगह अता फरमाए और उनके परिवार व अनुयायियों को इस दुख की घड़ी में सब्र दे।

# संतों ने दिखाया विश्व को सत्य और एकता का मार्ग, यूपी महामेला में गूंजे भक्ति के स्वर

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** संतो ने ही देश व दुनिया को सत्य व एकता का मार्ग दिखाया है आज के युवाओ मे धर्म के प्रति आस्था व विश्वास बड़ा है। यह बाते संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय मे अयोजित एक दिवसीय एक शाम वसणशाह के नाम यूपी महामेला मे महाराष्ट्र के शहर उल्लासनगर से आए साई वसणशाह दरबार के गादीनशीन बाबा साई कालीराम ने कही और भोले की नगरी मे आकर, वो है अलबेला मदनैनो वाला, आयो लाल झूलेलाल आदि भजनो को प्रस्तुत किया शनिवार की रात्रि मे विश्वविद्यालय मे विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए साई कालीराम ने सिंधी, हिंदी भजनो व सूफी कलामो से श्रदालुओ को आशीर्वाद दिया। यूपी महामेला का शुभांरभ संतो व भगवान शंकर और झूलेलाल के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप जलाकर और आरती कर किया। प्रवक्ता ओमप्रकाश ओमी ने बताया कि महामेला मे प्रदेश के विभिन्न शहरो से श्रदालु शामिल हुए सभी ने सिर पर सिंधी टोपी पहनी हुई थी जिसपर जय वसणघोट लिखा था। ओमी ने बताया कि साई कालीराम ने तीसरा यूपी महामेला प्रयागराज में आयोजित करने की घोषणा की महामेला कार्यक्रम मे आगमन होने पर साई का राजस्थान की मशहूर सिंधी ढोल शहनाई ध्वनि से सिंधी समाज ने स्वागत किया महामेला का समापन पल्लव व अरदास के साथ हुआ।

# पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन ने ज्ञापन सौंपकर की अवैध मजार हटाने की मांग

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर,(वेलकम इंडिया)।** पुरुषार्थ क्रांतिकारी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र कौशिक ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सिखेड़ा रोड स्थित रैपिड मेट्रो स्टेशन के समीप बनी मजार को हटाने की मांग की है।

ज्ञापन में उक्त निर्माण को अवैध बताते हुए इसे आवागमन में बाधा बताया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि संबंधित स्थान पर बनी मजार राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं है और पूर्व में भी संगठन द्वारा इसके खिलाफ



आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। इस संबंध में तहसीलदार स्तर पर जांच कराए जाने का उल्लेख करते हुए दावा किया गया है कि जांच रिपोर्ट में भी मजार को अवैध माना गया है।

इसके बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने पर संगठन ने नाराजगी जताई है। राजेंद्र कौशिक ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उक्त मजार को तत्काल हटाकर सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए।

ज्ञापन में प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर स्थिति स्पष्ट करने और कानून सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग भी की गई है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आंदोलन और धरना-प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# महर्षि कश्यप जयंती पर गाजियाबाद में सेवा का महाकुंभ

## 319 दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण, आत्मनिर्भरता का सशक्त संदेश'










**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** महर्षि कश्यप जयंती के पावन अवसर पर घंटाघर स्थित रामलीला मैदान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण हेतु भव्य सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप उपस्थित रहे। आयोजन में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री द्वारा कुल 319 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। इनमें 80 ट्राईसाइकिल/बैसाखी, 40 व्हीलचेयर, 74 श्रवण यंत्र, 40 सेंसर स्टिक, 40 स्मार्ट केन, 20 टीएलएम




किट एवं 25 कृत्रिम अंग शामिल रहे। लाभार्थियों को सम्मानित करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया, जिसमें दिव्यांग बच्चों की रचनात्मकता और हुनर ने सभी को प्रभावित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत मूक-बधिर बच्चों द्वारा 'सारे जहाँ से अच्छा' की सांकेतिक प्रस्तुति ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया, वहीं नुक्कड़ नाटक ने सामाजिक संदेश को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के समग्र विकास एवं आत्मनिर्भरता के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। वहीं राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि दिव्यांगजनों को सम्मानजनक जीवन प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम में विधायक संजीव शर्मा, महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी श्री अंशुल चौहान ने बताया कि इस आयोजन से बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को लाभ मिला। अंत में आयोजकों द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# गाजियाबाद पुलिस का 'सुरक्षा मॉडल' बना मिसाल: अपराधों में ऐतिहासिक गिरावट, 99.99% नागरिक संतुष्ट



विगत वर्ष के शीत ऋतु (नवम्बर 2024 से मार्च 2025 तक) के सापेक्ष इस वर्ष के शीत ऋतु (नवम्बर 2025 से मार्च 2026) में घटित आपराधिक घटनाओं का विवरण निम्नवत है:-

| अपराध शीर्षक | 01.11.2024 से 31.03.2025 तक | 01.11.2025 से 31.03.2026 | कमी का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लूट | [illegible] | 06 | 71.4 |
| स्नैचिंग | [illegible] | 38 | 80.80 |
| नकबजनी | [illegible] | 49 | 53.33 |
| वाहन चोरी | [illegible] | 709 | 30.35 |
| अन्य चोरी | [illegible] | 383 | 45.39 |
| कुल एफ0आई0आर0 | [illegible] | 4915 | 22.50 |

उपरोक्त पुलिस सेवाओं को सुगम एवं पारदर्शी बनाये जाने के उद्देश्य से फीडबैक सेल का गठन दिनांक: 18.05.2025 को किया गया है। दिनांक: 18.05.2025 से दिनांक: 31.03.2026 तक प्रदान की गयी उपरोक्त सेवाओं से सम्बन्धित आम जनमानस से पुलिस के कार्य एवं आचरण के सम्बन्ध में प्राप्त किए गए फीडबैक का विवरण निम्नवत है:-

उपरोक्त सेवाओं से सम्बन्धित फीडबैक का विवरण निम्नवत है-

| सेवा | कुल लिए गए फीडबैक की संख्या | प्रतिकूल फीडबैक की संख्या |
|---|---|---|
| एफ0आई0आर0 पंजीकरण | 11143 | 8 |
| चरित्र सत्यापन | 11040 | 5 |
| पासपोर्ट सत्यापन | 71884 | 15 |
| जनशिकायत | 11260 | 27 |
| कुल | 105327 | 55 |

| व्यक्तियों की संख्या जिनसे फीडबैक प्राप्त की गयी | अनुकूल फीडबैक की संख्या | प्रतिकूल फीडबैक की संख्या | प्रतिकूल फीडबैक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 105327 | 105272 | 55 | 0.000005 |



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कमिश्नरेट गाजियाबाद ने कानून-व्यवस्था एवं अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।

पुलिस आयुक्त के कुशल नेतृत्व, नियमित समीक्षा बैठकों एवं प्रभावी रणनीतियों के चलते विगत वर्ष की तुलना में अपराधों में भारी कमी दर्ज की गई है। पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित कार्यशैली के चलते जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। पुलिस द्वारा सिटिजन चार्टर के अंतर्गत जन शिकायत निस्तारण, पासपोर्ट सत्यापन, चरित्र प्रमाणन, किरायेदार व घरेलू सहायक सत्यापन, एफआईआर पंजीकरण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट जैसी सेवाएं सरल और पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। इन सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 18 मई 2025 को फीडबैक सेल का गठन किया गया।

### रिकॉर्ड स्तर की नागरिक संतुष्टि

18 मई 2025 से 31 मार्च 2026 तक कुल 1,05,327 नागरिकों से फीडबैक प्राप्त हुआ, जिसमें मात्र 55 प्रतिक्रियाएं नकारात्मक रहीं। यानी 99.999995% नागरिकों ने पुलिस सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया। सभी शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की गई।

### अपराधियों पर सख्त कार्रवाई

कमिश्नरेट प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस को कार्यपालक मजिस्ट्रेटीय शक्तियां मिलने से निरोधात्मक कार्रवाई तेज हुई। वर्ष 2025 में 5564 आदतन अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई तथा 16,663 अपराधियों का सत्यापन किया गया।

### अपराधों में भारी गिरावट

सर्दियों (नवंबर 2025 से मार्च 2026) के दौरान पुलिस की सघन रणनीति से–

- लूट में 71.4% कमी
- स्नैचिंग में 80.80% कमी
- नकबजनी में 53.33% कमी
- वाहन चोरी में 30.35% कमी
- अन्य चोरी में 45.39% कमी
- कुल एफआईआर में 22.50% गिरावट दर्ज की गई

### 'ऑपरेशन प्रहार' से अपराधियों पर शिकंजा

अवैध नशा और शस्त्र तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में 73 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए। इनके पास से 244.261 किलोग्राम गांजा व अन्य मादक पदार्थ, लगभग 80 लाख रुपये नकद तथा 37 अवैध शस्त्र बरामद किए गए।

### तकनीकी सशक्तिकरण से तेज कार्रवाई

'यक्ष ऐप' के जरिए 98.48% यानी 33,650 अपराधियों का सत्यापन एवं जियो-टैगिंग की जा चुकी है। 2132 बीटों में 3680 क्षेत्रों की मैपिंग से अपराध नियंत्रण और जांच में तेजी आई है।

### थानों का आधुनिकीकरण

थाना मसूरी, साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, इंदिरापुरम, लोनी और लिंक रोड सहित कई पुलिस इकाइयों का आधुनिकीकरण किया गया है। आम जनता के लिए बैठने, पेयजल, शौचालय और कैफेटेरिया जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

# कांग्रेस ने श्रद्धापूर्वक मनाई बाबू जगजीवन राम की जयंती, सेवाओं को किया नमन




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में आज कांग्रेसजनों ने देश के पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया।

जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने देश की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने उप प्रधानमंत्री रहते हुए रक्षा मंत्री और श्रम मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी को बखूबी निभाया। विशेष रूप से 1971 का भारत-पाक युद्ध के दौरान रक्षामंत्री के रूप में उनकी भूमिका उल्लेखनीय रही। सतीश शर्मा ने बताया कि बाबू जगजीवन राम का जन्म 05 अप्रैल 1908 को बिहार के भोजपुर जिले के चंदवा गांव में एक साधारण दलित परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शोभा राम और माता का नाम बसंती देवी था। उन्होंने सामाजिक समानता और श्रमिक अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि उनकी पुत्री मीरा कुमार देश की लोकसभा अध्यक्ष रह चुकी हैं। कार्यक्रम में पूर्व महानगर अध्यक्ष लोकेश चौधरी, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, हाजी खुर्शीद, जयवीर सिंह, राजकुमार शर्मा, तरुण शर्मा, मीडिया प्रभारी आशुतोष गुप्ता सहित महफूज अली, विनोद धामा, बाबूराम आर्य, रूबी मलिक, इरफान, एसपी त्यागी, केबी श्रीवास्तव, रविन्द्र शर्मा, अश्विनी त्यागी, बी सांभर सिंह नेगी, हकीकत अली, राजू भाई, शिव प्रकाश दुबे, सीमा नाजमीन, उदय सिंह पाल, राजा राम, सलमान मंसूरी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी ने बाबू जगजीवन राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# हनुमान जन्मोत्सव पर विजयनगर में भव्य शोभायात्रा, श्रद्धा और सुरक्षा का अनोखा संगम







**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** विजयनगर थाना क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री राम सेवा समिति के तत्वावधान में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों, भक्ति संगीत और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल में रंग दिया।



शोभायात्रा के दौरान विभिन्न देवी-देवताओं की सुंदर झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रहीं। भजन-कीर्तन और ढोल-नगाड़ों की गूंज से विजयनगर और शेखपुर क्षेत्र पूरी तरह गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।



इस आयोजन में प्रमुख रूप से रोबिन सागवान, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हिन्दू रक्षा दल अध्यक्ष राजकुमार, सोनू उर्फ फलटा एवं नितीन सागवान की सक्रिय भूमिका रही। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। शोभायात्रा मार्ग पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

# लूक्सर जेल में बंद नाइजीरियाई बंदी की मौत, जिम्स अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम




**कपिल चौहान**

**ग्रेटर नोएडा (वेलकम इंडिया)।** ग्रेटर नोएडा स्थित लूक्सर जेल में बंद नाइजीरियाई मूल के एक विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत हो जाने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान 66 वर्षीय सोलोमन के रूप में हुई है, जो लंबे समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे सोलोमन की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उसे सांस लेने में दिक्कत हुई और इसी दौरान उसे दिल का दौरा पड़ गया। जेल प्रशासन द्वारा तत्काल उसे जिम्स अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि सोलोमन हाई ब्लड प्रेशर (बीपी) और किडनी की गंभीर बीमारी से लंबे समय से पीड़ित था। उसका इलाज पूर्व में दिल्ली और मेरठ के विभिन्न अस्पतालों में भी चल चुका था। सोलोमन 31 मई 2023 से थाना बीटा-2 में दर्ज एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं तथा विदेशी अधिनियम-14 के तहत मुकदमे में लूक्सर जेल में बंद था। घटना की सूचना मिलते ही जिम्स अस्पताल प्रशासन ने थाना ईकोटेक प्रथम पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मृतक के परिजनों तथा अभिसूचना विभाग को सूचित कर दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# चेकिंग के दौरान 3 शातिर चोर गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल की गई। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का भारी मात्रा में सामान बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से 02 लिथियम टावर बैटरियां, 01 कैपेसीटर, 01 अन्य बैटरी, 30 दुपहिया वाहन बैटरियां, 01 इलेक्ट्रिक तराजू तथा घटना में प्रयुक्त 01 वाहन बरामद किया गया है।

प्रारंभिक पूछताछ में अभियुक्तों ने क्षेत्र में बैटरी चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस



द्वारा अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है तथा अन्य संबंधित मामलों में उनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी के गिरोह पर प्रभावी अंकुश लगेगा और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना और मजबूत होगी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ईमानदारी की मिसाल: ट्रैफिक पुलिस ने खोया मोबाइल ढूंढकर ड्राइवर को लौटाया

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मानवता और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए ट्रैफिक पुलिस के जवानों ने सड़क किनारे मिला एक खोया हुआ मोबाइल फोन उसके वास्तविक मालिक तक सुरक्षित पहुंचाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार दिन पूर्व एबीईएस बूथ के पास सड़क किनारे एक मोबाइल फोन पड़ा हुआ मिला, जिसे ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह एवं टीएसआई



दाताराम राजपूत ने अपने कब्जे में लिया।

मोबाइल के मालिक का पता लगाने के लिए पुलिसकर्मियों द्वारा फोन में सेव डायल्ड नंबरों पर संपर्क किया गया। लगातार प्रयासों के बाद मोबाइल स्वामी की पहचान सुनिश्चित की गई।

आज दिनांक को उक्त मोबाइल मनोज कुमार सिंह, ट्रांसपोर्ट कंपनी, लोहा मंडी गाजियाबाद को उनके ड्राइवर का बताते हुए विधिवत सुपुर्द कर दिया गया।

मोबाइल प्राप्त करने पर वाहन चालक एवं संबंधित ट्रांसपोर्ट कंपनी द्वारा ट्रैफिक पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। ट्रैफिक पुलिस के इस सराहनीय कार्य से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान की भावना और मजबूत हुई है।

### गुमशुदा की तलाश



यह लड़की जिसका नाम रिया रावत पुत्री श्री रमेश कुमार नि. गली न 04 आदर्श कॉलोनी थाना क्रासिंग रिपब्लिक गाजियाबाद उम्र 14 वर्ष है दिनांक 01/03/2026 से घर बिना बताये कहीं चली गई है और अब तक लौट कर घर नहीं आई है। यदि किसी को इस बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक गाजियाबाद को सूचना देने की कृपा करें।

मो.न.: 8299261410